12-SEPT- ALL-Bhoomi pg-1-JACKET_page1.qxd 9/12/2025 8:31 PM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 13 सितंबर 2025







||जीवेत् शरदः शतम्||
मा. श्री धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
संतोष कौशिक
राकेश तिवारी
विशाल सिंह
वरुण सिंह
सौरभ पाण्डेय
संतोष वस्त्राकार
मनोज साहू
निलेश सिंह
अनिल शर्मा
मनीष तिवारी
महाबलि कोसले
दिलीप कोरी
रवि मेहर
जनम दिवस की कोटी कोटी हार्दिक शुभकामनाऐ ... विनीत् - समस्त भाजपा कार्यकर्तागण
संकलनकर्ता-टेकचंद कारड़ा हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹80011/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹97720/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹106670/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand Jewels Pandri, Raipur



बीहड़ पहाड़ी क्षेत्र मटाल में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारे गए सभी दस नक्सलियों की पहचान हो चुकी है। इस मुठभेड़ में 5 करोड़ 22 लाख रुपए के इनामी कुल 10 माओवादी ढेर किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों के नाम अलग-अलग राज्यों में घोषित इनामी सूची में शामिल थे। यह जिले में दूसरी सबसे बड़ी मुठभेड़ मानी जा रही है।

### गरियाबंद मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान, इनसे जब्त हुए हैं कई हथियार

# मारे गए सभी 10 नक्सलियों पर थे पांच करोड़ से ज्यादा के इनाम, छग-ओडिशा में थे सक्रिय

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

एडीजी विवेकानंद सिन्हा, आईजी रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा, आईजी सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ सेक्टर शालीन, डीआईजी सीआरपीएफ पमेंदर यादव, सीईओ कोबरा 207 दीपक कुमार, एसपी गरियाबंद निखिल राखेचा, एसपी एसटीएफ स्मृतिक राजनाला और एसपी एसआईबी विकास कुमार ने मीडिया को बताया कि मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सलियों के शव को हेलीकॉप्टर से पुलिस ग्राउंड ▶▶| शेष पेज 6 पर






### मारे गए नक्सलियों के नाम और पद

प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में प्रमुख नाम इस प्रकार हैं –

- मनोज उर्फ बालकृष्ण उर्फ भास्कर – सेंट्रल कमेटी सदस्य
- प्रमोद उर्फ पंडु उर्फ अलबेल चन्द्रहा उर्फ पंडरुना – ओडिशा राज्य समिति सदस्य
- विमल उर्फ मंगन उर्फ सुरेश उर्फ जेदी बैकटे – ओडिशा राज्य समिति सदस्य, टेक्निकल टीम प्रभारी
- समीर – कंपनी-06 सदस्य
- राजेश पति उर्फ उमेश – पीएलजीए सदस्य
- वनिता – पीएलजीए सदस्य
- सीमा उर्फ भीमे – एसडीएलएफ सदस्य ▶▶| शेष पेज 6 पर

## इधर, गंगालूर के जंगल में मुठभेड़, 2 नक्सली मारे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान शुक्रवार सुबह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो वर्दीधारी पुरुष नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने दोनों नक्सलियों के शव के अलावा बड़ी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद किया है। वहीं दोनों ओर से गोलीबारी लगातार जारी है। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों ने सर्च ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मोदी 13 से 15 सितंबर तक मिजोरम, मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार के दौरे पर

# हिंसा के बाद पहली बार पीएम मणिपुर के दौरे पर, 8500 करोड़ की देंगे सौगात

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे पर जाएंगे। वे यहां 8500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।

मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि मणिपुर के समावेशी, सतत और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। जबकि 1200 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। पीएम मोदी चुराचांदपुर और इम्फाल में ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 8, 500 करोड़ की देंगे सौगात

अधिकारियों के हवाले से बताया कि मोदी राज्य के दौरे के दौरान 8,500 करोड़ रुपए की सौगात देंगे। मोदी चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड से 7,300 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। यह इलाका कुकी बहुल है। इसके साथ ही पीएम मैतेई बहुल इलाके इंफाल से 1,200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का इनॉगरेशन भी करेंगे।



### सड़क मार्ग से जाएंगे कार्यक्रम स्थल

पीएम मोदी के निर्धारित कार्यक्रमानुसार चुराचांदपुरा में हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद प्रधानमंत्री लगभग 5 किलोमीटर की सड़क यात्रा करके कार्यक्रम स्थल पीस ग्राउंड तक पहुंचेंगे। पीएम चुराचांदपुर में कार्यक्रम के बाद राज्य की राजधानी इम्फाल के लिए उड़ान भरेंगे। यहां वह कंगला किले में एक सभा को संबोधित करेंगे।

### भाजपा विधायकों से मिले राज्यपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 13 सितंबर को मणिपुर दौरे से पहले राज्यपाल ए.के. भल्ला ने चुराचांदपुर जिले के भाजपा विधायकों से डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में मुलाकात की और दौरे से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान राज्यपाल ने सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की।

### कुकी सहित अन्य संगठनों ने किया स्वागत

*दूसरी तरफ कुकी इंपी मणिपुर और इम्फाल हमार विस्थापित समिति जैसे कुकी-जो संगठनों ने प्रधानमंत्री के दौरे का स्वागत किया। लेकिन आधिकारिक समारोह में डांस प्रोग्राम में शामिल करने का विरोध किया। संगठनों ने अलग-अलग बयानों में कहा कि वह आंख में आंसू लेकर नाच नहीं सकते हैं। उनका शोक अभी खत्म नहीं हुआ है।*

### बाकी 4 राज्यों का भी दौरा

इंफाल के बाद पीएम मोदी असम का दौरा करेंगे और शाम लगभग 5 बजे गुवाहाटी में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती के समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। वहीं, 14 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी असम में 18,530 करोड़ रुपए से अधिक की प्रमुख बुनियादी ढांचा और औद्योगिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को पश्चिम बंगाल और बिहार रहेंगे। 15 सितंबर को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### साढ़े तीन लाख का खर्च करने वाले परिवार को बचेंगे हर साल 50 हजार

# सीएम बोले- जीएसटी में बदलाव से अब 90 फीसदी सामान सस्ते



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जीएसटी में बड़ा बदलाव कर देश की जनता को बड़ी राहत देने का काम किया है। जीएसटी के नए रीफार्म से 90 फीसदी सामान सस्ते होंगे। जिन परिवारों के घर का खर्च साल में तीन से साढ़े तीन लाख रुपए होता है, उनको हर साल 50 हजार रुपए बचेंगे। हर वर्ग को जीएसटी में बदलाव का फायदा मिलेगा।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम साय ने कहा, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार आम आदमी के जीवन को खुशहाल ▶▶| शेष पेज 6 पर

### किसानों के लिए वरदान

श्री साय ने कहा, यह सुधार कृषि क्षेत्र के लिए वरदान जैसा है। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, रोटावेटर में अलग-अलग तरह के जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत की गई है। यह किसान के लिए लागत सक्षम कृषि में सहायक होगी। जैव-कीटनाशक और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी दर घटाई गई है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 90 प्रतिशत सामान सस्ते

सीएम श्री साय ने कहा, नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएं जैसे तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, मक्खन, पनीर, सिलाई मशीन से लेकर ट्रैक्टर व उसके कलपूर्जे व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सुधार में ओपी का भी योगदान

श्री साय ने कहा, जीएसटी अब गुड एंड सिंपल टैक्स हो गया है। जीएसटी काउंसिल केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन की अध्यक्षता में बनी। यह काउंसिल लोकतंत्रिक संघवाद का एक बेहतरीन मॉडल है। छत्तीसगढ़ से पदेन सदस्य के रूप में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी इस सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नया जीएसटी सुधार वास्तव में एक नए क्रांतिकारी आर्थिक युग का सूत्रपात है।

## खबर संक्षेप

### वैष्णो देवी मंदिर यात्रा कल से फिर होगी प्रारंभ

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर के लिए तीर्थयात्रा 19 दिनों तक स्थगित रहने के बाद रविवार से फिर से शुरू होगी। यात्रा 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद स्थगित कर दी गई थी जिसमें 34 लोगों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कहा मौसम अनुकूल रहने की स्थिति में वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर से फिर से शुरू होगी। विवरण और बुकिंग के लिए, कृपया वेबसाइट पर जाएं। बोर्ड ने इसमें कहा कि खराब मौसम की स्थिति और मंदिर तक जाने वाले मार्ग के आवश्यक रखरखाव के कारण अस्थायी निलंबन आवश्यक था।

### दिशा पाटनी के घर फायरिंग गैंगस्टरों ने ली जिम्मेदारी

**बरेली।** अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर के बाहर फायरिंग हुई है। इस फायरिंग की जिम्मेदारी गैंगस्टर रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ ने लेते हुए अपनी पोस्ट में लिखा मैं वीरेंद्र चरण, महेंद्र सरन। भाइयों, आज खुशबू, दिशा पाटनी के घर पर जो फायरिंग हुई, वो हमने करवाई है। उन्होंने हमारे पूज्य संतों प्रेमानंद और अनिरुद्धाचार्य महाराज व सनातन धर्म का अपमान किया है। अगली बार अगर उन्होंने या किसी और ने हमारे धर्म का अनादर किया तो उनके घर में कोई भी जिंदा नहीं बचेगा।

### ग्रामीणों को जालसाजों ने फांसा, महीनों ठगते रहे

# जादुई कलश में डूब गए दो करोड़ रुपए से ज्यादा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

जादुई कलश के नाम पर भोले-भाले ग्रामीणों को करोड़पति बनने का सपना दिखाकर करोड़ों रुपयों की चपत लगाने वाले चार आरोपियों को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ठगों की बनाई हुई रोचक कहानी ने लोगों को इतना भ्रमित कर दिया कि उन्होंने अपनी गाढ़ी कमाई उन्हें सौंप दी। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है, जबकि दो आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2021 से 2024 तक आरोपियों ने आरपी ग्रुप नामक फर्जी कंपनी बनाई। इस कंपनी के संचालकों ने ग्रामीणों को यह विश्वास दिलाया कि कोरबा जिले के मंडवारानी क्षेत्र में एक जादुई कलश मिला है, जिसे भारत सरकार विदेशों में अरबों रुपये में बेचेगी। कंपनी से जुड़ने वाले हर सदस्य को 1 से 5 करोड़ रुपये तक का मुनाफा मिलेगा। यही नहीं, ग्रामीणों से कहा गया कि विदेशियों को बुलाने, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### गिरफ्तार आरोपी

*पुलिस ने इस मामले में जिन चार ठगों को पकड़ा है उनमें राजेंद्र कुमार दिव्य (46), निवासी ग्राम जोरहा डबरी, कोरबा– वर्तमान में रायपुर। तुरेंद्र उर्फ मनीष कुमार दिव्य (38), निवासी ग्राम जोरहा डबरी, कोरबा। प्रकाश चंद्र धृतलहरे (40), निवासी ग्राम गोंढीकला, पत्थलगांव, जशपुर। उपेंद्र कुमार सारथी (56), निवासी लीचीरमा, सीतापुर, सरगुजा। पुलिस ने इनके कब्जे से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज, एक कार और मोबाइल जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 13 लाख रुपए बताई गई है।*

### पुलिस टीम की बड़ी सफलता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एसडीओपी पत्थलगांव धुर्वेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। इस टीम ने बिलासपुर, कोरबा और सीतापुर में दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# मुरिया दरबार में शामिल होने बस्तर आएंगे केंद्रीय गृहमंत्री शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर में होने वाले 75 दिनों के ऐतिहासिक दशहरा उत्सव की प्रमुख रस्म मुरिया दरबार इस बार खास होने वाला है। यह इसलिए क्योंकि मुरिया दरबार में पहली बार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होने वाले हैं। 4 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने श्री शाह बस्तर आएंगे। गौरतलब है, सांसद महेश कश्यप ने श्री शाह से मुलाकात कर इस प्रमुख रस्म में शामिल होने का न्योता दिया था।

यहां यह बताना लाजिमी है कि मुरिया दरबार में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री ही शामिल होते रहे हैं। यह पहली दफा होगा जब केंद्रीय गृहमंत्री इसमें शामिल होंगे। इस दरबार में आमतौर पर मांझी चालकी और परगना के प्रमुख लोगों की समस्याएं सुनी जाती हैं और उसका निराकरण किया जाता है। इस बार केंदीय गृहमंत्री अमित शाह के आने से मुरिया दरबार में खास रौनक रहेगी। पिछले 24 ▶▶| शेष पेज 6 पर



### खास इसलिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने का ऐलान किया है और इस दिशा में कामयाबी भी मिल रही है। श्री शाह की दरबार में मौजूदगी अभियान को मजबूती देगी और जनमानस में बड़ा संदेश भी जाएगा। मुख्यमंत्री के अलावा बस्तर के नेताओं के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का मंत्रिमंडल भी इस दौरान मौजूद रहेगा। सांसद महेश कश्यप ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को ऐतिहासिक दशहरा में आने का न्योता दिया गया है। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

# सिक्किम में भूस्खलन, 4 की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी सिक्किम के यांगथांग इलाके में भूस्खलन होने से बड़ा हादसा सामने आया है। घटना में करीब चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हो गए हैं। सिक्किम पुलिस द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में अधिकारी तेज़ बहते, अशांत बाढ़ के पानी में रस्सी या सहारे का सहारा लिए खड़े दिखाई दे रहे हैं। पुलिस की टीम ने स्थानीय लोगों और एसएसबी कर्मियों के साथ मिलकर, बाढ़ग्रस्त ह्यूम नदी पर पेड़ों की लकड़ियों से एक अस्थायी पुल बनाकर प्रभावित क्षेत्र से दो घायल महिलाओं को निकालने में कामयाबी हासिल की। जिला अस्पताल पहुंचाने के बावजूद, उनमें से एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दूसरी महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और तीन अभी भी लापता हैं। पुलिस ने बताया कि भारी बारिश के कारण पूरे क्षेत्र में कई भूस्खलन हुए।



### हादसे के समय लोग सो रहे थे

सिक्किम में यांगथांग के अपर रिंबी इलाके में भारी बारिश के कारण शुक्रवार तड़के भूस्खलन हो गया। हादसा उस समय हुआ, जब ग्रामीण घरों में सो रहे थे। तभी पहाड़ों से कीचड़ और पत्थर उनके घर पर गिरे, जिससे वे दब गए। पुलिस ने बताया कि मौके पर 3 पुरुष और एक महिला की मौत हुई है। कई लोग लापता हैं, जिनका पता लगाया जा रहा है।

**अस्थायी पुल बनाकर बचाया**


वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शेरिंग शेरपा ने बताया कि बारिश के कारण इलाके में ह्यूम नदी उफना गई थी, जिस पर एक अस्थायी पुल बनाकर 2 घायल व्यक्तियों को प्रभावित क्षेत्र से निकाला गया। उन्होंने बताया कि 2 अन्य व्यक्तियों को बचाया गया, जो घायल हैं। लापता लोगों की संख्या भिन्न-भिन्न बताई जा रही है, जिनको खोजने के अभियान में प्रतिकूल मौसम के कारण बाधा आ रही है। ग्रामीण और सशस्त्र सीमा बल के जवान राहत कार्य में लगे हैं।

### सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

# पटाखों पर प्रतिबंध पूरे देश में हो दिल्ली में ही क्यों...?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पटाखों पर प्रतिबंध को चुनिंदा तरीके से लागू करने पर सवाल उठाया और कहा कि अगर स्वच्छ हवा राष्ट्रीय राजधानी के 'कुलीन' निवासियों का अधिकार है, तो यह पूरे देश के नागरिकों को भी मिलना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों के विनियमन से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने टिप्पणी की कि अधिकारियों द्वारा पटाखों के लाइसेंस रद्द करने के संबंध में यथास्थिति बनी रहेगी। मामले की सुनवाई 22 सितंबर के लिए स्थगित कर दी।



### ...तो फिर आतिशबाजी ही प्रतिबंधित हो : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, "अगर एनसीआर के शहर स्वच्छ हवा के हकदार हैं, तो दूसरे शहरों के लोग क्यों नहीं?... जो भी नीति होनी चाहिए, वह अखिल भारतीय स्तर पर होनी चाहिए। हम केवल इसलिए दिल्ली के लिए नीति नहीं बना सकते कि वे देश के कुलीन नागरिक हैं। अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है, तो उन्हें पूरे देश में प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

### पीठ ने कहा- वायु गुणवत्ता रिपोर्ट प्राप्त करें

पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से इस मुद्दे पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त करने को कहा। विधि अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्यावरण आभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) प्रदूषण कम करने के लिए 'हरित पटाखों' की व्यवहार्यता की जांच कर रहा है।

### फोटोग्राफी, वीडियो बनाने पर बैन

*सुप्रीम कोर्ट ने अपने हाई सिक्योरिटी जोन में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। अब वहां कोई भी वकील, लिटिगेंट, इंटर्न, लॉ क्लर्क या मीडिया कर्मी फोटो खींचने, वीडियो बनाने या 'रील्स' शूट करने की अनुमति नहीं पाएगा। मीडिया द्वारा इंटरव्यू या लाइव कवरेज केवल लो सिक्योरिटी जोन के मीडिया लॉन में ही किया जा सकेगा। यह गाइडलाइन तुरंत प्रभाव से लागू होगी।*

चिंतन

# कब, कैसे कर पाएंगे हम आधी आबादी की सुरक्षा

देश में महिला सुरक्षा या सम्मान की बात आते ही एक के बाद एक न जाने कितने दावे किए जाते हैं। कितने तरह के कानून की दुहाई दी जाती है, लेकिन बात जब भी धरातल की होती है और एक के बाद महिलाओं के प्रति अपराध की बात आती है तो लगता है कि बहुत कुछ किया जाना शेष है। दिल्ली में निर्भया हत्याकांड के बाद केंद्र सरकार ने कानून में आमूलचूल बदलाव किए। दावा किया गया कि अब कोई भी महिलाओं के खिलाफ अपराध करने से पहले सौ बार सोचेगा, लेकिन हुआ क्या। हर रोज समाचार पत्रों के पन्नों पर ऐसी खबरों की भरमार नजर आती है। 'नारी 2025' नामक राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट ने इस मुद्दे पर चौकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं, जो महिला सुरक्षा की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठाते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार देश की लगभग 40 फीसदी महिलाएं अपने शहरों में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। यह आंकड़ा शहरों के सार्वजनिक स्थानों, ऑफिस, स्कूल, कॉलेज और ट्रांसपोर्ट में महिलाओं की सुरक्षा की मौजूदा स्थिति का दर्दनाक सच बयान करता है। रिपोर्ट में रांची, श्रीनगर, कोलकाता, दिल्ली, फरीदाबाद, पटना और जयपुर को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर माना गया है। दिल्ली और फरीदाबाद में लगभग 42 प्रतिशत महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं, वहीं, कोहिमा को महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर माना गया, जहां 80 फीसदी से ज्यादा महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, आइज़ोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। अगर उत्पीड़न के आंकड़े को देखें तो 2024 में 7 फीसदी महिलाओं ने उत्पीड़न का सामना किया, जिसमें 18-24 साल की युवा महिलाओं का जोखिम सबसे अधिक था। दुःखद बात ये भी है कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की आधिकारिक रिपोर्टिंग बहुत कम होती है। केवल 22 प्रतिशत महिलाएं अपने अनुभवों की रिपोर्ट पुलिस को देती हैं, और केवल 16 फीसदी मामलों में कार्रवाई होती है। यही कारण है कि महिला सुरक्षा में भारत की रैंकिंग 177 देशों की सूची में 124वां स्थान है। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है। अब वीरवार के ही एक समाचार को देखें जिसमें एक महिला को उसी शख्स के हाथों सरेआम अपमान झेलना पड़ा, जिसके साथ उसने सात फेरे लिए थे। जिसने जीवन भर उसकी सुरक्षा का वादा किया। ऐसा भी नहीं कि पति और पत्नी अशिक्षित या पिछड़े इलाके से थे। पत्नी स्कूल में टीचर है और हैवान बन बैठा पति कॉलेज में लेक्चरर है। इसके बावजूद उसने अपनी पत्नी को सरेआम बेइज्जत किया। उसने अपनी पत्नी के गले में चप्पलों की माला डाली, उसके साथ मारपीट की और सड़क पर परेड कराई। यही नहीं इस शर्मसार करने वाली पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। पति को अपनी पत्नी पर शक था कि उसके किसी और के साथ प्रेम संबंध हैं। अब इसे आप क्या कहेंगे। जब रखवाला ही हैवानियत करने लगे तो किससे उम्मीद करेंगे। एक ऐसा देश जहां साल में दो बार नवरात्र पर माता के रूप में महिलाओं को पूजा जाता है, उसी देश में महिला सुरक्षा की हालात ये है। अगर किसी को यह लगता हो कि सख्त कानून बनाने से महिलाओं के खिलाफ अपराध खत्म हो जाएंगे तो ऐसा होने वाला नहीं है। इसके लिए हमें नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना होगा। उन परंपराओं का पालन करना होगा, जो हमारी संस्कृति ने हमें दी हैं। एकल परिवार से हटकर कुटुंब व्यवस्था की ओर लौटना होगा तभी हम आधी आबादी को सुरक्षित रख पाएंगे।



पड़ोस
प्रमोद भार्गव

नेपाल जब से कम्युनिस्ट देश बना है, तब से चीन के दबाव के चलते यहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। इस बार नेपाल भीषण संकट में है। यह संकट इसलिए बढ़ा, क्योंकि राजशाही खत्म होने के बाद संघीय सरकार से युवाओं को अपेक्षा थी कि देश में राजनीतिक स्थिरता तो कायम होगी ही, सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगारों की संभावना भी बढ़ेगी। लेकिन 17 साल के गैर राजतांत्रिक नेपाल में 15 सरकारें तो बदलीं, परंतु हालात नहीं बदले। इसी बीच राजशाही और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगें भी उठती रही हैं। चीनी लिप्सा के प्रतिरोध में भी यह संकट देखा जा रहा है। अतएव इस तत्काल के संकट को किसी एक दृष्टिकोण से देखा जाना भूल होगी।

# अस्थिरता के दौर से गुजरता नेपाल

भारत का पड़ोसी देश नेपाल जब से कम्युनिस्ट देश बना है, तब से चीन के दबाव के चलते यहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। इस बार नेपाल भीषण संकट में है। यह संकट इसलिए बढ़ा, क्योंकि राजशाही खत्म होने के बाद संघीय सरकार से युवाओं को अपेक्षा थी कि देश में राजनीतिक स्थिरता तो कायम होगी ही, सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगारों की संभावना भी बढ़ेगी। लेकिन 17 साल के गैर राजतांत्रिक नेपाल में 15 सरकारें तो बदलीं, परंतु हालात नहीं बदले। इसी बीच राजशाही और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगें भी उठती रही हैं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो से जनता को पता चला कि मंत्री और उनके परिजन देश-विदेश में ऐशोआराम की जिंदगी जी रहे हैं। उनके बच्चे विदेशों में अच्छी शिक्षा ले रहे हैं। ब्रांडेड सामान के साथ फाइव स्टार जीवन विदेशों में व्यतीत कर रहे हैं।

इस वैभव की पृष्ठभूमि में सरकारी स्तर पर फैले भ्रष्टाचार को मुख्य कारण माना। जबकि गरीब युवा प्रतिदिन तीन हजार से ज्यादा की संख्या में पलायन करने को विवश हो रहे हैं। इस आंदोलन को पहले दक्षिणपंथी करार देने की कोशिशें हुईं, लेकिन वास्तव में यह आक्रोश उस कुंठा के चलते उपजा जो नेताओं और उनके परिजनों के वीडियो में भोग-विलास का जीवन जीते हुए दिखा। नेपाल में हिंसा और अराजकता इस हद तक फैली कि आंदोलनकारियों ने संसद भवन, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मंत्रियों तक के घर जला दिए। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पत्नी को जिंदा जला दिया। देश की सत्ता की इस राख में 22 युवाओं की सेना और पुलिस की गोलाबारी में हुईं मौतों की राख भी मिल गई। इस आंदोलन को सोशल मीडिया के साथ खासतौर से जेन-जी पर पाबंदी माना जा रहा है। हालांकि यह रोक युवाओं का आक्रोश देखने के बाद हटा ली गई थी। जेन-जी यानी जेनरेशन-जेड का बोध कराने वाली वह पीढ़ी है, जिनका जन्म 1997 से लेकर 2012 के बीच हुआ है। यानी वर्तमान में ये आंदोलनकारी किशोर एवं युवा हैं। इस आग में घी डालने का काम सुदन गुरुंग और बालेन शाह ने जेन-जी पर उपस्थिति दर्ज कराकर कर दिया। सुदन ओली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और परिवारवाद की मुहिम पूर्व से ही चला रहे थे। कुछ नेताओं की बढ़ती संपत्ति के विरुद्ध भी मोर्चा खोले हुए थे। इसी बीच 4 सितंबर को सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया तो राजधानी काठमांडू के महापौर बालेन शाह सक्रिय हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया एक्सेस किया और लिखा, 'कल की रैली जेन-जी की रैली है। इस रैली में कोई भी पार्टी, नेता, सांसद एवं कार्यकर्ता को निजी लाभ के लिए शामिल होने की जरूरत नहीं है। उम्र के कारण मैं जा नहीं सकता, लेकिन मेरा पूरा समर्थन है।' बालेन के चाहने वाले लाखों में हैं। देखते-देखते आंदोलन की दशा और दिशा तय हो गई और लाखों युवा आंदोलन के लिए काठमांडू की सड़कों पर उतर आए। संसद और राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, प्रधानमंत्री आवास पर पत्थरबाजी की और पूरे शहर में ऐसा तांडव मचाया कि सेना और पुलिस को नियंत्रण के लिए संयुक्त अभियान चलाना पड़ा। नेपाल के इतिहास में इसे बड़ी तख्तापलट की घटना के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले



बांग्लादेश और श्रीलंका में भी इसी तरह का जनआक्रोश फूट चुका है। वहां की सरकारें अपदस्थ हुई हैं। नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग भी लंबे समय से उठ रही है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर चुके हैं। इस मांग को मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन बाद में वे दोनों के आलोचक हो गए। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बना लिया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं। दरअसल नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में हैं। गौरतलब है कि राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। इसी चिंता से यह आक्रोश उपजा है।

नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों के तहत ऐतिहासिक पारगमन व्यापार समझौते समेत 10 समझौतों की शुरुआत करके नेपाल ने चीन से रिश्ते मजबूत कर लिए हैं। चीन और नेपाल के बीच तिब्बत के रास्ते रेलमार्ग बनाने पर भी संधि हुई है। चीन ने काठमांडू से करीब 200 किमी दूर पोखरा में क्षेत्रीय हवाई अड्डा निर्माण के लिए नेपाल को 21000 डॉलर का सस्ती ब्याज दर पर ऋण दिया है। मुक्त व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए हैं। नेपाल में तेल और गैस की खोज करने पर भी चीन सहमत हुआ है। इसके लिए वह नेपाल को आर्थिक और तकनीकी मदद देने को राजी है। चीन ने नेपाल में अपने व्यावसायिक बैंक की शाखाएं भी खोल दी हैं। नेपाली बैंक भी अपनी शाखाएं चीन में खोल रहे हैं। संस्कृति, शिक्षा, भाषा और पर्यटन जैसे मुद्दों पर भी चीन का दखल नेपाल में बढ़ गया है। अर्से से इन्हीं कुटिल कूटनीतिक चालों के चलते कम्युनिष्ट विचारधारा के पोषक चीन माओवादी नेपालियों को अपनी गिरफ्त में लेकर अपनी साम्राज्यवादी लिप्सा को आगे बढ़ा रहा है। इस चीनी लिप्सा के प्रतिरोध में भी यह संकट देखा जा रहा है। अतएव इस तत्काल के संकट को किसी एक दृष्टिकोण से देखा जाना भूल होगी।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्लेषण
राजेश माहेश्वरी



# राधाकृष्णन के सामने अवसर और चुनौतियां भी कम नहीं

चंद्रपुरम पोनुस्वामी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राजनीतिक गलियारों में सीपीआर के नाम से ख्यात राधाकृष्णन को सत्तारूढ़ राजग ने जब प्रत्याशी बनाया, तभी से उनकी जीत तय मानी जा रही थी, लेकिन विपक्षी खेमे ने बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव में उतार कर इस मुकाबले को रोमांचक बनाने का प्रयास किया। विपक्षी मोर्चे ने तमिल बनाम तेलुगु अस्मिता का मुद्दा उछालकर राजग की प्रमुख सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी के सामने धर्मसंकट खड़ा करने के साथ ही अक्सर विधायी मामलों पर सरकार का समर्थन करने वाली वाइएसआर कांग्रेस और एक अन्य दल बीआरएस के समक्ष राजनीतिक दुविधा बढ़ाने का दांव चला था। हालांकि नतीजे यह बताते हैं कि विपक्ष की यह आकांक्षा पूरी नहीं हो पाई। भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन शपथ ले चुके हैं। नए उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। राज्यसभा के सभापति के रूप में उन्हें संतुलन साधने का प्रयास करना होगा। उनके पूर्ववर्ती धनखड़ आरंभिक स्तर पर उच्च सदन में विपक्ष को बहुत स्पेस नहीं देते थे, पर विपक्ष के आक्रामक तेवरों के बाद उन्हें रवैया कुछ बदलना पड़ा। सरकार और उनके बीच अविश्वास की खाई बढ़ने में उनका बदला हुआ रवैया भी एक पहलू बन गया था। चूंकि सदन के सभापति से दलगत या वैचारिक आग्रह से ऊपर उठकर कार्यवाही के संचालन की अपेक्षा की जाती है, इसलिए राधाकृष्णन को इस मोर्चे पर कोई मध्य मार्ग तलाशना ही होगा। राज्यसभा के सभापति पद पर भले ही कोई प्रत्यक्ष काम न दिखे, लेकिन इसकी अपनी संवैधानिक भूमिका होती है। प्रोटोकॉल में उपराष्ट्रपति दूसरे नंबर पर आते हैं। देश-विदेश में उनका नाम होता है और इस लिहाज से यह पद अहम है। चुनौतियों की बात की जाए तो उपराष्ट्रपति को सत्ता और विपक्ष के बीच तटस्थ रहना होता है। विपक्ष अक्सर इस पद पर आसीन लोगों के खिलाफ पक्षपात का आरोप लगाता रहता है। राधाकृष्णन को अपनी निष्पक्षता साबित करने के लिए हर कदम पर सावधानी बरतनी होगी। राज्यसभा में सांसदों के बीच तीखी नोक-झोंक और अव्यवस्था उपराष्ट्रपति की भूमिका को मुश्किल बना देती है। कई मौकों पर ऐसा हुआ है जब विपक्षी सांसदों के निलंबन जैसे कदमों से विवाद हुआ है। राधाकृष्णन को ऐसी स्थिति में धैर्य और कड़ाई का संतुलन बनाना होगा। उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है। इस पद पर आसीन व्यक्ति को अपने कर्मों के द्वारा इस गरिमा की रक्षा के लिए बहुत ध्यान देना होता है। राधाकृष्णन को इस गरिमा को बनाए रखना होगा। राधाकृष्णन के सामने सबसे बड़ी कसौटी होगी सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन बनाना। उनकी आरएसएस और बीजेपी में काम करने की मजबूत पृष्ठभूमि है, और अच्छा सियासी अनुभव है। लेकिन यही पृष्ठभूमि विपक्ष के लिए संदेह का कारण भी बन सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा। यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिए चुना जाना विपक्ष के लिए एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। यह भी एक हकीकत है कि राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभाला है जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के समय में सरकार और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद के साथ मनभेद भी बढ़ा है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। अपने पूर्ववर्ती की कार्यप्रणाली के मद्देनजर नये उपराष्ट्रपति को अपनी कार्यशैली में व्यापक सुधार करना होगा। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इन तमाम चुनौतियों के बीच सी.पी. राधाकृष्णन के सामने उपराष्ट्रपति के तौर पर संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाने का सुनहरा अवसर भी है। उनकी भूमिका न केवल संसद की कार्यवाही को सुचारू बनाने की है, बल्कि देश की संवैधानिक और कूटनीतिक गरिमा को बढ़ाने की भी है। अगर वह निष्पक्षता, धैर्य और संवैधानिक मूल्यों के हिसाब से काम करेंगे, तो निश्चित रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन साधने में कामयाब होंगे, और इस पद के लिए एक नजीर बनेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि राधाकृष्णन उच्च सदन की गरिमा और गौरव को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोभ के कारण संसार में समस्त पापों की उत्पत्ति




संकलित
दर्शन

लोभ के कारण संसार में समस्त पापों की उत्पत्ति होती है। इस लोभ का ही दूसरा नाम लालच है। लालच से सारे गुण नष्ट हो जाते हैं और उनका स्थान ग्रहण कर लेते हैं-क्रोध, द्वेष, मान, माया आदि। शायद ही कोई ऐसा पाप बचता हो जो लालच से पैदा न होता हो। कोई ऐसा दुर्गुण शेष नहीं रहता जो लालची व्यक्ति में न हो। जब सारे दुर्गुण, सारे पाप किसी व्यक्ति के हृदय में बैठ जाएँ तो उसका सर्वनाश होना स्वाभाविक ही है। इसलिए लालच को सभी महान-आत्माओं ने तमाम संकटों की जननी और तमाम अनर्थों का आश्रय कहा है। जिस मनुष्य के अन्तःकरण में लालच का दैत्य एक बार प्रवेश कर गया, उसके लिए फिर जघन्य-से-जघन्य पाप कर डालना असम्भव नहीं रहता। आज का मानव दिन-ब-दिन अधिकाधिक लालची, लोभी होता जा रहा है। अपनी यश-लिप्सा, संसार के समस्त सुख-साधनों और उनकी प्राप्ति के माध्यम-अर्थ-धन की सिद्धि में वह इतना बेहोश हो जाता है कि अपने जन्मदाता माँ-बाप की हत्या करने से भी नहीं चूकता। पग-पग पर आजीवन सुख-दुःख के सहभागी सहोदर की दैहिक-लीला को नष्ट करके भी यदि उसकी लालची भूख को क्षणिक तृप्ति मिलने की सम्भावना हो तो वह जघन्य पाप करने में भी नहीं झिझकता।

**- कांतिलाल मांडोत**


## ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**घोटालेबाजों पर हो सख्त कार्रवाई**

हीरा कारोबारी भगौड़े मेहुल चौकसी को बेल्जियम से वापस लाने के लिए भारत की तमाम जांच एजेंसियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। मेहुल चौकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी ने पंजाब नैशनल बैंक में लगभग 13500 करोड़ का घोटाला किया हुआ है। अब यह भारत की कैसी ऋण प्रणाली है जिसमें चौकसी और मोदी जैसे बड़े-बड़े कारोबारियों को बड़ी ही आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त हो जाता है। लेकिन अगर उन्हीं बैंकों से किसी आम नागरिक, किसान या गरीब व असहाय व्यक्ति ने अपने जीवन को सुधारने के लिए ऋण की नाममात्र रकम ही क्यों न लेनी हो, उससे सैकड़ों औपचारिकताएं पूरी करवाने के साथ-साथ गारंटर भी मुहैया करवाना पड़ता है।

**- महेश शर्मा**, दुर्ग

## करंट अफेयर

### एलन मस्क की स्टारलिंक को लेबनान ने दिया लाइसेंस

लेबनान ने संकटग्रस्त देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए एलन मस्क की स्टारलिंक को लाइसेंस जारी किया है। सूचना मंत्री पॉल मोरकोस ने बृहस्पतिवार रात मंत्रिमंडल बैठक के बाद यह घोषणा की। मोरकोस ने कहा कि स्टारलिंक मस्क की एक अन्य कंपनी स्पेसएक्स की ओर से संचालित उपग्रहों के माध्यम से पूरे लेबनान में इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराएगी। मस्क ने तीन महीने पहले लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से फोन पर बात की थी और देश के दूरसंचार तथा इंटरनेट क्षेत्रों में काम करने की दिलचस्पी जताई थी। मंत्रिमंडल बैठक के दौरान सरकार ने देश के बिजली और दूरसंचार क्षेत्रों के लिए नियामक प्राधिकरणों की स्थापना की घोषणा की।




लेबनान में भ्रष्टाचार से ग्रस्त ऊर्जा क्षेत्र के लिए नियामक प्राधिकरण की स्थापना करना अंतरराष्ट्रीय संगठनों की एक प्रमुख मांग रही है। बिजली क्षेत्र के लिए नियामक प्राधिकरण की नियुक्ति लगभग 20 वर्ष पहले हो जानी चाहिए थी, लेकिन देश की प्राधिकृत संस्थाओं द्वारा बार--बार विलंब किया जाता रहा। इस कदम को लेबनान के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है, जो इस छोटे भूमध्यसागरीय देश में हर साल एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की बर्बादी करता है।

## ऑफ बीट

### सोशल मीडिया से बच्चे सीख रहे हैं एआई का उपयोग

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) निबंध लेखन, भाषाओं का अभ्यास और गृह कार्य पूरा करने के तरीकों को तेजी से बदल रही है। शिक्षक भी अब पाठ योजना, मूल्यांकन और फीडबैक के लिए एआई उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन यह बदलाव इतनी शीघ्रता से हो रहा है कि स्कूल, विश्वविद्यालय और नीति-निर्माता इसके साथ कदम मिलाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। इस तेज बदलाव के बीच अक्सर एक बुनियादी सवाल छूट जाता है-छात्र और शिक्षक वास्तव में एआई का उपयोग सीख कैसे रहे हैं? वर्तमान में यह सीखना अधिकांशतः अनौपचारिक तरीकों से हो रहा है। छात्र टिकटॉक या डिस्कॉर्ड पर सुझाव साझा करते हैं या चैटजीपीटी से निर्देश लेते हैं। शिक्षक स्टाफ रूम में आपस में चर्चा करते हैं या लिंक्डइन पर जानकारी हासिल करते हैं। हालांकि यह नेटवर्क जानकारी तेजी से फैलाते हैं, लेकिन इसमें पूर्वाग्रह, निगरानी या समानता जैसे गहरे मुद्दों पर विचार नहीं होता। यहीं पर औपचारिक शिक्षक प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिज्ञासा से आगे बढ़कर शोध से पता चला है कि अधिकतर शिक्षक एआई के लिए तैयार नहीं हैं। हालिया अध्ययन में पाया गया कि कई शिक्षकों को एआई उपकरणों की विश्वसनीयता और नैतिकता का आकलन करने का कौशल प्राप्त नहीं है।




## ट्रेंड

### बाढ़ स्थिति की समीक्षा



उत्तराखंड में बाढ़ की स्थिति को लेकर बैठक की। राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान को देखकर बहुत पीड़ा हुई है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हम हर जरूरी इंतजाम तेजी से सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नेपाल आंदोलन



कुछ लोग नेपाल आंदोलन का नाम लेकर भारत में राजशाही का सपना देख रहे हैं, वे असल में लंबे समय से लोकतंत्र के विरोध में मन में दबाए बैठी भावनाओं को बाहर निकाल रहे हैं। इनको ये समझना चाहिए कि यहां राजशाही के लिए जगह नहीं है।

**-डॉ. रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद**

### राधाकृष्णन को बधाई



सी.पी. राधाकृष्णन को आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में लोकतंत्र की मर्यादा, संवाद की संस्कृति और राष्ट्रहित का संकल्प और सशक्त होगा तथा भारत की गौरवपूर्ण यात्रा को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### विनम्र नहीं, निडर रहें



जीवन में, आपको हमेशा विनम्र लेकिन निडर रहना चाहिए। सफलता में कभी भी अहंकार को जन्म नहीं देना चाहिए। इससे रक्षात्मक या अति सतर्क होने की प्रवृत्ति भी नहीं आनी चाहिए।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
शनिवार, 13 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण पक्ष षष्ठी/सप्तमी
वर्ष : 25, अंक : 171
पृष्ठ : 16+20 = 36 मूल्य : 5 .00***

मौसम
अधि. 32.8
न्यून. 23.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# महाविद्यालयों में शुगर व ऑयल बोर्ड बताएंगे पिज्जा-बर्गर में कितना तेल?

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- सीबीएसई स्कूलों के लिए सत्र के प्रारंभ में ही जारी हो चुका आदेश
- छात्रों के गिरते स्वास्थ्य स्तर को देखते हुए नई व्यवस्था

सीबीएसई स्कूलों के बाद अब महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भी शुगर बोर्ड लगेंगे। विशेष बात यह है कि स्कूलों में जहां सिर्फ शुगर बोर्ड ही लगाया गया है, वहीं कॉलेजों में शुगर के साथ ऑयल बोर्ड भी लगाया जाएगा। देश के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के विद्यार्थी अब पिज्जा, समोसा, पकौड़ा, चिप्स, फ्रेंच फाइज, बर्गर खाने से तेल और शुगर की कितनी मात्रा ली, वह जानेंगे। छात्र-छात्राओं को ⏭ शेष पेज 6 पर

### हरी सब्जियां व फल खाने के लिए करेंगे प्रेरित

पत्र में कहा गया है कि विद्यार्थियों को हरी सब्जियां और फल खाने के लिए प्रेरित करें। कैंपस में जंक के बजाय पौष्टिक खाद्य पदार्थ मुहैया कराने होंगे। इसमें पोहा, सागुदाना, भूना चना, मखाना, कोर्न, मूंगफली आदि हो सकता है। कोल्ड ड्रिंक के बजाय ताजा जूस, नारियल पानी, नींबू पानी आदि हो सकते हैं। फल, सब्जियां, प्रोटीन और साबुत अनाज जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। वहीं, डिब्बाबंद और शुगर वाले खाद्य पदार्थों में पोषण नहीं होता है। ये वजन बढ़ाते हैं। युवाओं में स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देना जरूरी है।



### युवाओं को जागरूक करना जरूरी

यूजीसी ने अपने खत में लिखा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रिपोर्ट के अनुसार युवा पीढ़ी खान-पान की गलत आदतों की वजह से टाइप टू डाइबटीज, हाइपरटेंशन, दिल की बीमारी समेत अन्य बीमारियों की चपेट में आ रही है। इनसे बचाव को जागरुकता ही बचाव ऑयल और शुगर बोर्ड में रोजमर्रा खाद्य पदार्थों में छिपे बसा और शुगर के बारे में जानकारी होगी। एक सर्वे के अनुसार, एक गुलाब जामुन में 203 कैलोरी और 32 ग्राम चीनी, डिब्बाबंद जूस में 36 ग्राम चीनी और 171 ग्राम कैरडेरी, चॉकलेट में 240 ग्राम कैलोरी व ⏭ शेष पेज 6 पर

# महिला ठेका श्रमिक से लिखित सहमति के बाद ही नाइट ड्यूटी सुबह गाड़ी से घर तक छोड़ना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- श्रम विभाग ने किया नियमों में बदलाव

छत्तीसगढ़ में अब अगर किसी महिला ठेका श्रमिक से रात्रि पाली की ड्यूटी करवाना, हो तो सबसे पहले उसकी लिखित सहमति लेनी होगी। यही नहीं, ड्यूटी खत्म होने के बाद महिला श्रमिक को सुरक्षा गार्ड के साथ वाहन में बैठाकर उसके घर तक ⏭ शेष पेज 6 पर

### घर तक छोड़कर आना होगा

इन नियम में कहा गया है कि रात्रि पाली में नियोजित महिला कर्मकारों को कार्यस्थल से उनके निवास तक सुरक्षित रूप से पंहुचाने के लिए सुरक्षा गार्ड के साथ समुचित वाहन की व्यवस्था करनी होगा। पुलिस द्वारा सत्यापित वाहन, वाहन चालक, एवं सुरक्षा गार्ड का ब्योरा भी नियोजक या ठेकेदार को रखना होगा।

## नेपाल में सत्ता पर सस्पेंस खत्म

# कार्की ने ली अंतरिम प्रधानमंत्री की शपथ

एजेंसी ⏭ काठमांडू

नेपाल की अंतिम प्रधानमंत्री के नाम का सस्पेंस खत्म हो गया है। सुशीला कार्की नेपाल की नई अंतरिम प्रधानमंत्री बन गई।नेपाल के सेना प्रमुख और राष्ट्रपति ने उनके नाम पर सहमति जता दी है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को चुनाव होने तक नेपाल का अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। अंतरिम सरकार के गठन पर आम सहमति बनाने के लिए नेपाल की राष्ट्रपति, सुशीला कार्की और सेना प्रमुख के बीच काठमांडू में आधी रात को अहम बैठक हुई। जेन जेड के एक समूह ने सेना को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा था कि वह सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री घोषित करे, वरना तबाही मच जाएगी।

सुशीला कार्की की नियुक्ति को नेपाल में स्थिरता की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। हिंसक प्रदर्शनों के बाद युवाओं ने सुशीला कार्की को नेतृत्व के लिए चुना। कार्की का अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में नाम सामने आने के बाद काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह ने भी उनका समर्थन किया था।

### काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह ने भी सुशीला कार्की का किया था समर्थन



### मंत्रिमंडल में शामिल होंगे जेन-जेड के सदस्य

कार्की द्वारा अंतरिम पीएम का पद संभालने के बाद उनके मंत्रिमंडल को लेकर भी चर्चाएं चल रहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश अर्याल को मंत्री पद सौंपे जाने की तैयारी चल रही है। अर्याल वर्तमान में राष्ट्रपति भवन में मौजूद हैं।

### कार्की के नाम को लेकर भी था विवाद

केपी शर्मा ओली की सरकार गिरने के बाद आंदोलनकारी चाहते थे कि कोई ऐसा नेता नेतृत्व कर जो निष्पक्ष हो और साफ छवि वाला हो। सुशीला कार्की समेत कई अन्य का नाम इस रेस में आगे चल रहा था। वहीं कुछ लोग उनको पीएम बनाए जाने के खिलाफ थे। उनका कहना था कि सुशीला का नाम पहले से ही विवादों में घिरा रहा है।

### क्या कहता है नेपाल का संविधान?

दरअसल नेपाल के संविधान के मुताबिक, पूर्व मुख्य न्यायाधीश को कोई भी राजनीतिक पद लेने की अनुमति नहीं है। हालांकि, संविधान में अनिवार्यता के सिद्धांत के मुताबिक, राष्ट्रपति को या तो उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त करने के लिए संविधान के उस विशेष अनुच्छेद को निलंबित करना होता है या देश की सुरक्षा के लिए एक विशेष प्रावधान लाना होता है। नेपाल के संविधान में अनिवार्यता का सिद्धांत एक कानूनी सिद्धांत है। इसके तहत कुछ ऐसे कार्यों को, जो असंवैधानिक या गैरकानूनी हैं, उचित ठहराने की अनुमति है जो कि देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और इमरजेंसी हालात या संकट के समय में संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा के लिए जरूरी हों।

दोनों वाहनों में लगी आग

## बोलेरो-कार में टक्कर, गीदम के दो युवक की जलने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- देर रात को नेशनल हाईवे 63 स्थित किलेपाल के करीब हुआ हादसा

एनएच 63 स्थित कोड़ेनार थाना क्षेत्र के किलेपाल के करीब देर रात हुए सड़क हादसे में कार सवार दो युवकों की जलने से मौत हो गई। कार व बोलेरो के बीच हुई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई। कार सवार युवकों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और उनकी जलने से मौत हो गई। हादसे में दो युवक किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। बताया जा रहा है ⏭ शेष पेज 6 पर

गुजरात से मुंबई जा रहा था विमान

## स्पाइसजेट के विमान का टायर रनवे पर छूटा, इमरजेंसी लैंडिंग


एजेंसी ⏭ अहमदाबाद



गुजरात के कांडला से मुंबई के लिए उड़ान भरते समय स्पाइसजेट के विमान के साथ बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। विमान का टायर कांडला हवाई अड्डे के रनवे पर ही छूट गया और विमान मुंबई पहुंच गया। इसकी जानकारी पायलट को हुई तो उन्होंने पूर्ण आपातकाल की घोषणा करते हुए मुंबई में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हालांकि, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्पाइसजेट का बॉम्बार्डियर डीएचसी8-400 उड़ान संख्या एसजी-2906 दोपहर 2:39 बजे कांडला से उड़ान भरने वाला था।

# अब 10 लाख तक की खरीदारी का यूपीआई से कर सकेंगे भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- सरकार ने लेनदेन की सीमा बढ़ाई उपयोगकर्ताओं को बड़ी राहत

सोमवार 15 सितंबर से कोई भी व्यक्ति 10 लाख रुपये तक की खरीदारी का भुगतान यूपीआइ के जरिये कर सकेगा। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) यूपीआई लेनदेन की सीमा को बढ़ा दिया है। इन बदलावों से उन क्षेत्रों को लाभ होने की उम्मीद है जहां ग्राहकों को अक्सर बड़े लेनदेन पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता था। इन बदलावों से उन क्षेत्रों को लाभ होने की उम्मीद है, जहां ग्राहकों को अक्सर बड़े लेनदेन पर प्रतिबंधों का सामना करना ⏭ शेष पेज 6 पर

### लेनदेन की सीमा बढ़कर पांच लाख रुपये

हालांकि, व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) हस्तांतरण की सीमा 1 लाख रुपये प्रति दिन पर अपरिवर्तित बनी हुई है। पूंजी बाजार और बीमा में निवेश के लिए प्रति लेनदेन सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी गई है, जिसमें एक दिन में अधिकतम 10 लाख रुपये शामिल हैं। एनपीसीआइ सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर कर भुगतान और बयाना राशि जमा सहित प्रति लेनदेन की सीमा पांच लाख कर चुका है।



## अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया भी कर रहे हैं मना, लगाई है पाबंदी

# कनाडा ने 80 फीसदी भारतीय छात्रों को नहीं दिया वीजा

## जर्मनी, फ्रांस जैसे देश कर रहे अब भारतीयों को आकर्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले कुछ सालों से पढ़ाई के लिए कनाडा अंतरराष्ट्रीय छात्रों की पहली पसंद रहा है। लेकिन, हाल ही में वहां की सरकार ने स्टूडेंट वीजा हासिल करने की प्रक्रिया में कई प्रतिबंध जोड़ दिए हैं, जिससे भारतीय छात्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए है। इसे दशक की सबसे ज्यादा वीजा रेसट्रिक्टिव रेजीम माना जा रहा है। इमीग्रेशन, रेफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) के डेटा के अनुसार 2025 में करीब 80 प्रतिशत भारतीय छात्रों के एप्लीकेशन रिजेक्ट हुए हैं। एशिया और अफ्रीका के आवेदकों को भी नुकसान हुआ है।कनाडा को सुरक्षा, नौकरी के मौकों और ऊंची गुणवत्ता के शिक्षण संसाधनों के लिहाज से भारतीय छात्रों की पहली पसंद माना जाता है। लेकिन नया डेटा एक बदलाव की ओर इशारा कर रहा है। कनाडा के सरकारी डेटा के मुताबिक साल 2024 में वहां केवल 1 लाख 88 हजार भारतीयों ने एडमिशन लिया, जो संख्या दो साल पहले दोगुनी थी। अब 31 प्रतिशत छात्रों के लिए जर्मनी पहली पसंद के रूप में उभर रहा है। वहीं, कनाडा का आंकड़ा 2022 में 18 प्रतिशत से गिरकर 2024 में केवल 9 प्रतिशत रह गया।

### कमी का बताया कारण

कनाडा सरकार का कहना है कि ये फैसला मनमानी में नही, बल्कि घरेलू अनिवार्यताओं के चलते लिया गया है, वो इसके लिए शिक्षण आवास की कमी, कमजोर इन्फ्रास्ट्रक्चर और लोकल प्रतिभाओं को मंच देने की राजनीतिक मांगों के दबाव का हवाला दे रही है। इसलिए अब वीजा जांच की प्रक्रिया को कड़ा करने का फैसला लिया गया है। आवेदकों को अब वित्तीय स्रोत के प्रमाण और स्टडी का पूरा प्लान पेश करना होगा। भाषा से जुड़ी प्रक्रिया भी और कठोर कर दी गई है। छात्रों के काम करने को लेकर प्रतिबंध भी बढ़े हैं, जबकि पोस्ट-ग्रेजुएट छात्रों के लिए रोजगार के अवसरों में कटौती हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार 2025 में केवल 4,37,000 स्टडी परमिट जारी करने की तैयारी में है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग दस प्रतिशत कम है। इनमें से 73,000 पोस्ट-ग्रेजुएट, 243,000 ग्रेजुएट और अन्य, और लगभग 120,000 रिन्यूवल और स्कूल के छात्रों के लिए जारी होंगे।



### यूएसए और ऑस्ट्रेलिया भी पीछे नहीं

भारतीय छात्रों का वीजा रीजेक्ट करने वाले देशों में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। अमेरिका में ट्रंप सरकार की नई नीतियों के चलते अब किसी और देश के छात्रों के लिए अमेरिका का वीजा प्राप्त करना भी मुश्किल हो गया है। यहां साल 2023-24 में 41 प्रतिशत एफ-1 वीजा अस्वीकार किए गए, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे ज्यादा है। यूएस के इमीग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) ने कक्षा में अनुपस्थिति और अवैध गतिविधियों के हवाले से कार्रवाई करते हुए 4,700 से ज्यादा भारतीय छात्रों के वीजा रद्द किए हैं। सितंबर 2025 से भारतीय छात्रों को अमेरिकी स्टूडेंट वीजा के लिए आवेदन करने पर प्रतिबंध है। इसी तरह, ऑस्ट्रेलिया की एक वेबसाइट का दावा है कि वहां जुलाई 2024 तक 1.18 लाख भारतीय छात्र थे। 2024-25 में 23,500 से ज्यादा शरण आवेदन आए, जिनमें से केवल 4,000 स्वीकृत हुए। वहीं, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, और उत्तराखंड के छात्रों पर कुछ यूनिवर्सिटीज ने प्रतिबंध लगाए हैं।

### जर्मनी सहित ये देश बन रहे पसंद

जर्मनी अपनी मजबूत इकोनॉमी,पब्लिक-फंडेड यूनिवर्सिटीज और अंग्रेजी भाषा को बढ़ावा देने के चलते भारतीय छात्रों को आकर्षित कर रहा है। जर्मनी के फेडेरल स्टेटिस्टिकल ऑफिस के अनुसार, पिछले पाँच सालों में वहां भारतीय छात्रों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। ये 2023 में 49,500 से बढ़कर 2025 में लगभग 60,000 हो गई है। इसके अलावा उभरते केंद्रों की लिस्ट में फ्रांस, फ़िनलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, जापान, मलेशिया और मिडल ईस्ट शामिल हैं।

---

## खबर संक्षेप

### भारत के आगे बढ़ने से डरते हैं कुछ देश : भागवत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने अमेरिका के द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ को लेकर प्रतिक्रिया दी है। आरएसएस प्रमुख ने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया में कुछ लोगों को इस बात का डर है कि अगर भारत बड़ा होगा तो हमारी जगह कहां रहेगी, इसलिए टैरिफ लागू कर दो। संघ प्रमुख ने कहा, 'हमने तो कुछ नहीं किया जिसने किया था उसको पुचकार रहे हैं क्योंकि यह साथ रहेगा तो भारत पर थोड़ा दबाव बना सकते हैं।' नागपुर में ब्रह्मकुमारी संप्रदाय के एक कार्यक्रम में संघ प्रमुख ने कहा कि मैं और मेरा के चक्कर में यह सारी बातें हुई हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया को आज समाधान की जरूरत है। भागवत ने कहा, 'आप सात समंदर दूर हैं और कोई सीधा संबंध नहीं है लेकिन आपके मन में डर है।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के सामानों पर 50% टैरिफ लगा दिया है। अमेरिका ने इसके पीछे वजह बताई कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है और इस वजह से रूस को जो पैसा मिलता है, उसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में कर रहा है।

### कोल इंडिया श्रमिकों की अनुग्रह राशि अब 25 लाख

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि देश की सबसे बड़ी खनन कंपनी कोल इंडिया ने खदान दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों की अनुग्रह राशि को मौजूदा 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का फैसला किया है। इसके अलावा एक ऐतिहासिक कदम के तहत कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) देश की आजादी के बाद पहली बार चेयरमैन और प रबंध निदेशक सहित अपने सभी कर्मचारियों के लिए वर्दी लागू करेगी। जी किशन रेड्डी ने रांची में मीडिया से बातचीत में कहा, 'कोल इंडिया ने 17 सितंबर से श्रमिकों की अनुग्रह राशि (खदान दुर्घटना की स्थिति में) को मौजूदा 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का फैसला किया है। इस दिन विश्वकर्मा दिवस है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन भी है।' उन्होंने कहा, 'एक और बड़े फैसले के तहत कोल इंडिया ने अनुशासन और एकता की संस्कृति सुनिश्चित करने के लिए आजादी के बाद पहली बार 17 सितंबर से अपने सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों, अधिकारियों और सीएमडी (चेयरमैन और प्रबंध निदेशक) के साथ ही एमडीओ (खान विकासकर्ता और परिचालक) के कर्मचारियों के लिए वर्दी लागू करने का फैसला किया है।'

### उमर, शरजील व गुलफिशा को झटका, सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। तीनों ने राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी 2020 में हुए दंगों की कथित साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में जमानत याचिका लगाई थी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि उन्हें फाइलें बहुत देर से मिलीं।

---

## पीएम मोदी और उनके मंत्रियों सहित पक्ष विपक्ष के कई दिग्गज रहे मौजूद

# 15वें उपराष्ट्रपति बने राधाकृष्णन राष्ट्रपति भवन में ली पद की शपथ


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने अपने पद की शपथ ले ली है। चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने शुक्रवार (12 सितंबर) को भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत अन्य दिग्गज भी मौजूद रहें। धनखड़ पद छोड़ने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। लाल कुर्ता पहने राधाकृष्णन ने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल राधाकृष्णन ने सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। 67 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों से हराया था। तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा 21 जुलाई को अचानक इस्तीफा दिए जाने के कारण यह चुनाव कराया गया।

### पद छोड़ने के बाद पहली बार नजर आए उपराष्ट्रपति धनखड़

### 11 सितंबर 2030 तक इस पद पर बने रहेंगे राधाकृष्णन





### तमिलनाडु के तीसरे नेता

धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। संविधान के अनुसार, मृत्यु या इस्तीफे के कारण उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित नए उपराष्ट्रपति को पूरे पांच साल का कार्यकाल मिलेगा। राधाकृष्णन 11 सितंबर 2030 तक इस पद पर बने रहेंगे। वह इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाले तमिलनाडु के तीसरे नेता हैं। राधाकृष्णन शपथ लेने के तुरंत बाद राजघाट गए और महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने "सदैव अटल" में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और किसान घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह को भी श्रद्धांजलि दी। उसके बाद राधाकृष्णन ने राज्यसभा के सभापति के रूप में पदभार ग्रहण किया। उपराष्ट्रपति, राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं। राधाकृष्णन ने मंगलवार को दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद के लिए हुए चुनाव को राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत बताया।

### धनखड़ भी आए नजर



धनखड़ भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। वह अगली पंक्ति में अपने पूर्ववर्ती वेंकैया नायडू के बगल में बैठे थे और उनसे बातचीत करते देखे गए। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी भी नायडू के बगल में बैठे थे। धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ भी इस अवसर पर मौजूद थीं।

### रेड्डी को हराकर बने उपराष्ट्रपति

एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को मंगलवार को भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में चुना गया। चुनाव के बाद राज्यसभा के महासचिव और निर्वाचन अधिकारी पीसी मोदी ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि 781 सांसदों में से 767 ने मतदान किया, जिससे 98.2 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन को 452 मत प्राप्त हुए। वहीं, विपक्षी उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 300 मत मिले।

### महाराष्ट्र के राज्यपाल थे राधाकृष्णन

शुभचिंतकों द्वारा 'पचाई तमिझन' (सच्चे तमिल) कहे जाने वाले राधाकृष्णन महाराष्ट्र के राज्यपाल थे। अब चूंकि वह देश के उपराष्ट्रपति बन गए हैं। इस स्थिति में महाराष्ट्र में गवर्नर का पद खाली हो गया। नए राज्यपाल की नियुक्ति तक गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को अपने कर्तव्यों के अतिरिक्त, महाराष्ट्र के राज्यपाल के कार्यों का भी कार्यभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति ने इस संबंध में एक आधिकारिक बयान भी जारी किया है।

---

# वर्तमान समय में 'वोट चोरी' है देश का सबसे प्रमुख मुद्दा : राहुल

एजेंसी ▶▶| जूनागढ़

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर लंबे समय से संकट से जूझ रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस हिंसाग्रस्त राज्य का अब दौरा करना कोई 'बड़ी बात' नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'वोट चोरी' फिलहाल देश के सामने सबसे प्रमुख मुद्दा बना हुआ है। गुजरात के जूनागढ़ जिले में केशोद हवाई अड्डे के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि हर जगह लोग 'वोट चोर' के नारे लगा रहे हैं। हवाई अड्डे पर दोपहर में उतरने के बाद गांधी जूनागढ़ शहर पहुंचे, जहां उनका गुजरात कांग्रेस की जिला और नगर इकाइयों के अध्यक्षों को संबोधित करने और वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है। जब पत्रकारों ने प्रधानमंत्री मोदी की मणिपुर यात्रा पर गांधी की प्रतिक्रिया जाननी चाही, तो कांग्रेस सांसद ने इस अशांत पूर्वोत्तर राज्य के उनके दौरे को ज्यादा महत्व नहीं देने की कोशिश की।

### खास बात

- प्रधानमंत्री का अब मणिपुर दौरा करना कोई बड़ी बात नहीं



### हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव चुराए

गांधी ने कहा, 'मणिपुर लंबे समय से संकट से जूझ रहा है और प्रधानमंत्री ने अब वहां जाने का फैसला किया है। इसलिए यह कोई बड़ी बात नहीं है। आज भारत में प्रमुख मुद्दा 'वोट चोरी' है।" मोदी 13 सितंबर को मणिपुर का दौरा करेंगे और चुराचांदपुर तथा राज्य की राजधानी इंफाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे। दो साल पहले राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से प्रधानमंत्री का यह पहला मणिपुर दौरा होगा। रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद राहुल गांधी ने कहा,'उन्होंने हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव चुरा लिए। हमने हाल ही में कर्नाटक में यह साबित कर दिया। इसलिए, मुख्य मुद्दा 'वोट चोरी' है। हर जगह लोग 'वोट चोर' का नारा लगा रहे हैं।"

---

## सुप्रीम कोर्ट 'निर्देशित' उच्चाधिकारप्राप्त समिति ने किए कई बदलाव

# बांके बिहारी मंदिर को लेकर बड़ा फैसला, बंद होगा वीआईपी पास

एजेंसी ▶▶| मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्री बांके बिहारी मंदिर की उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति ने शुक्रवार को अति विशिष्ट व्यक्ति (वीआईपी) पास तत्काल प्रभाव से बंद करने और दर्शन के लिए सीधा प्रसारण शुरू करने सहित कई बड़े फैसलों की घोषणा की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित उच्चाधिकारप्राप्त समिति ने बृहस्पतिवार शाम एक बैठक में मंदिर में दर्शन एवं सुरक्षा व्यवस्था में सुधार लाने का एक बड़ा प्रयास किया है। इसके साथ मंदिर के वो कमरे भी खोले जाएंगे जो पांच दशक से अधिक समय से बंद हैं।

जिला सूचना अधिकारी द्वारा शुक्रवार मुताबिक, मंदिर में पर्ची कटाकर वीआईपी के तौर पर दर्शन करने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है और इसके लिए वीआईपी कटघरा भी हटा दिया जाएगा। विज्ञप्ति में बताया गया कि अब हर व्यक्ति को लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना होगा, जिससे मंदिर प्रशासन पर भेदभाव का आरोप नहीं लगेगा और दर्शनार्थियों में अनावश्यक धक्का-मुक्की भी नहीं होगी। समिति ने विशेष तौर पर वर्ष 2013 से 2016 तक के समय की अनियमितताओं की जांच के लिए विशेष ऑडिट कराने और 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट समिति के समक्ष रखी जाए। समिति ने मंदिर के गर्भगृह में वर्षों से बंद कमरे को खोलने का निर्णय लिया है।

विज्ञप्ति के मुताबिक, इसके साथ ही वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी ताकि यह रिकॉर्ड किया जा सके कि कमरे में क्या-क्या है। इसके अलावा खजाने का भी ऑडिट होगा।




### पहले से ज्यादा समय तक खुलेगा मंदिर

बताया गया कि अब दर्शन के लिए मंदिर पहले से ज्यादा समय तक खुला रहेगा और यही नहीं दर्शनार्थियों को दुनिया के किसी भी कोने से ठाकुर जी के दर्शन प्राप्त करने की सुविधा भी जल्द ही शुरू की जाएगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, गर्मियों में मंदिर तीन घंटे और सर्दियों के दिनों में पौने तीन घंटे अधिक समय के लिए खुलेगा। समिति ने यह भी तय किया कि मंदिर के भवन का आईआईटी रुड़की से संरचनात्मक ऑडिट कराया जाए और यह भी पता लगाया जाए कि मंदिर के पास कुल कितनी चल-अचल संपत्ति है।

---

## तख्तापलट की साजिश में दोषी करार

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो को 27 साल 3 महीने की सजा

एजेंसी ▶▶| रियो

ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों के पैनल ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो को तख्तापलट की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराते हुए उन्हें 27 साल और तीन महीने की कैद की सजा सुनाई है। दोषसिद्धि के बाद पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो 2060 तक अयोग्य हो गए है। जेयर बोलसोनारो पर आरोप था कि उन्होंने 2022 के चुनाव में हारने के बाद गैरकानूनी तरीके से सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश रची थी। इस फैसले ने उनके द्वारा स्थापित किए गए दक्षिणपंथी पॉपुलिस्ट आंदोलन को बड़ा झटका दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक ब्राज़ील के सर्वोच्च न्यायालय के 5 जजों के पैनल ने बोलसोनारो को देश के लोकतंत्र पर हमला करने का दोषी ठहराया। यह पहला मौका है जब कोई पूर्व राष्ट्रपति इस तरह के आरोप में दोषी पाया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस फैसले की कड़ी निंदा की है। जस्टिस कारमेन लूसिया ने अपने निर्णय से पहले कहा कि यह आपराधिक मामला ब्राजील के अतीत, वर्तमान और भविष्य के बीच एक मील का पत्थर है। उन्होंने यह भी कहा कि बोलसोनारो ने लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की मंशा से यह साजिश रची थी। 5 जजों में से 4 ने बोलसोनारो को 5 अपराधों में दोषी ठहराया। इसमें सशस्त्र अपराध संगठन का हिस्सा बनना, लोकतंत्र को हिंसात्मक तरीके से समाप्त करने का प्रयास, तख्तापलट की साजिश रचने, सरकारी संपत्ति और सांस्कृतिक धरोहर को नुकसान पहुंचाना शामिल है।



### कारावास के साथ नजरबंदी भी शामिल

पैनल में शामिल जज अलेक्जेंडर डी मोरेस ने बोलसोनारो को कुल 27 साल और 3 महीने की सजा सुनाई, जिसमें 24 साल 9 महीने की कारावास और 2 साल 6 महीने की नजरबंदी शामिल है। इसके अलावा जुर्माने का प्रावधान भी किया गया। जस्टिस क्रिस्टियानो ज़ानिन ने कहा कि उपलब्ध सबूतों से पता चलता है कि तख्तापलट की साजिश सावधानीपूर्वक तैयार की गई थी और इसे लागू करने के लिए समय का चयन पहले से किया गया था। उन्होंने कहा कि बोलसोनारो इस साजिश के बारे में जानते थे और अपने कृत्यों और अनदेखी के माध्यम से इसमें योगदान दे रहे थे।

---

## रिजर्व बैंक नए नियमों में बदलाव पर विचार कर रहा

# डिफॉल्ट किया बैंक लोन तो लॉक हो जाएगा मोबाइल फोन!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंक लोन डिफॉल्ट करने वालों की मुसीबत और बढ़ने वाली है। रिजर्व बैंक इसके लिए नियमों में बदलाव करने पर विचार कर रहा है। आरबीआई का प्लान है कि जिन ग्राहकों ने बैंक लोन डिफॉल्ट किया है, तो संबंधित बैंक उस ग्राहक के मोबाइल नंबर को भी लॉक कर सकेंगे।

- यह नियम स्मॉल टिकट वाले लोन पर लागू किया जाएगा

यह नियम स्मॉल टिकट वाले लोन पर लागू किया जाएगा। इसका मकसद बैड लोन को कम करने के साथ ही रिकवरी को बढ़ाना है। हालांकि, इस नए नियम को लागू किए जाने से पहले ही उपभोक्ताओं के अधिकार, डाटा सुरक्षा और डिजिटल एक्सेस को लेकर बहस भी तेज हो गई है।

### क्यों करेंगे फोन लॉक

भारत में मोबाइल सहित करीब 33 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक सामान फाइनेंस के जरिए खरीदे गए हैं। 1.16 अरब मोबाइल कनेक्शन के साथ ही इस सेग्मेंट में लोन डिफॉल्ट की चिंता भी बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 1 लाख रुपए से कम कीमत वाले लोन पर डिफॉल्ट सबसे ज्यादा बढ़ रहा है। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों जैसे बजाज फाइनेंस, डीएफआई फाइनेंस और चोलामंडलम फाइनेंस का कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन में 85 फीसदी हिस्सा है। आरबीआई के इस फैसले से इन सभी को फायदा होगा।





**क्या है आरबीआई के प्रस्ताव में :** बैंक और अन्य कर्जदाताओं को लोन डिफॉल्ट होने पर ग्राहक का मोबाइल नंबर लॉक करने का अधिकार मिलेगा। इस लॉक हुए फोन को दोबारा एक्टिवेट कराने के लिए पहले बैंक से अनुमति लेनी होगी। लॉक हुए डिवाइस के डाटा का इस्तेमाल बैंक या अन्य कर्जधारक नहीं कर सकेंगे। इससे पहले आरबीआई ने साल 2024 में बैंकों को फोन लॉक करने की इस सुविधा को रोकने का आदेश दिया था। हालांकि, बाद में बड़ी फाइनेंस कंपनियों और बैंकों से बात करने के बाद दोबारा इसे शुरू करने की बात कही है।

### फेयर प्रैक्टिस कोड अपडेट करेगा आरबीआई

आरबीआई ने अपने प्रस्तावित गाइडलाइन में कहा है कि अगले कुछ महीने में फेयर प्रैक्टिस कोड को अपडेट करने वाला है। इसके तहत रिजर्व बैंक ने लोन डिफॉल्टर को लेकर नया कानून बनाने की बात कही है। आरबीआई का मानना है कि लोन डिफॉल्टर के मोबाइल नंबर को लॉक किए जाने से उन पर लोन को चुकाने का दबाव बढ़ेगा और बैड लोन की बढ़ती संख्या पर रोक लगाई जा सकेगी।

---

## चार सेकेंड और हो गई पाक की बेइज्जती



- यूएन में आतंकवाद पर उल्टा पड़ा दांव

**यूएन।** पाकिस्तान आतंकवाद के मुद्दे पर अतंरराष्ट्रीय मंचों से अपनी फ़ज़ीहत लंबे समय से कराता आ रहा है। आतंकवाद को पनाह देने के लिए उसकी हमेशा बेइज्जती होते रहती है। एक बार फिर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मंच से पाकिस्तान को लताड़ लगाई गई है।

इजरायल को वह घेरने चला था, लेकिन पाकिस्तान का दांव उसी पर उल्टा पड़ गया। यूएनएससी के मंच से इज़रायल की ओर से कतर की राजधानी पर हमले की निंदा की गई। मानवाधिकार वकील और यूएन वॉच के कार्यकारी निदेशक हिलेल नोयर ने कतर पर आतंकियों का पनाह देने का आरोप लगाया। नोयर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख से सवाल पूछा कि उन्होंने इज़रायल हमले की निंदा क्यों की?

उन्होंने याद दिलाया कि अमेरिका ने भी 2011 में पाकिस्तान अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को मार गिराया था, तब उस समय के संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा था कि 'न्याय हो गया है।'


MARUTI SUZUKI
NEXA
CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.
WITH GST BENEFITS#
AVAIL SPECIAL BOOKING OFFER UP TO ₹ 10 000*
GRAND VITARA
*OFFER VALID
ON BOOKINGS
DONE TILL 20TH SEPTEMBER 2025
GRAND VITARA
R17 MACHINED ALLOY WHEELS
AUTO PURIFY WITH PM2.5 DISPLAY
8-WAY DRIVER POWERED SEAT
EV MODE
6 AIRBAGS AS STANDARD
5 YEAR WARRANTY~
3 YEARS + 2 YEARS COMPLIMENTARY
BENEFITS OF UP TO
₹ 2 10 000^
NEXA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the rights to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. ^Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer. Above offers are valid until stocks last. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper. Revised price effective from September 22, 2025. #Prices subject to applicable GST rates as notified by the Government. **By selected finance partners. ~This extended warranty is applicable for selected variants of Grand Vitara.

**खबर संक्षेप**

### तीन साल पहले युवती से रेप, आरोपी को उम्रकैद

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व युवती को लिफ्ट देने के बहाने सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश शांतनु कुमार देशलहरे की फास्टट्रैक कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विजयश्री बिसेन के अनुसार, भूपेंद्र वर्मा को कोर्ट ने कैद की सजा सुनाई है। रायपुर से मंदिर हसौद जाने निकली 22 वर्षीय युवती ने नवागांव ब्रिज के पास बस से उतरकर भूपेंद्र से रिम्स जाने लिफ्ट मांगी। भूपेंद्र युवती को लिफ्ट देने के बाद उसे रिम्स छोड़ने के बजाय एमएम फन सिटी के पास सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ अनाचार किया। उसके बाद रास्ते में युवती के सिर पर टिफिन से हमला कर घायल कर रिम्स अस्पताल के पास बदहवास हालत में छोड़कर फरार हो गया था।

### गोलगप्पे खा लिए, पैसे मांगने पर चाकू से हमला

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने गुपचुप खाने के बाद ठेले वाले पर चाकू से हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आहत संदीप कुमार कुशवाहा के भाई रंगबहादुर की शिकायत पर पुलिस ने प्रांजल चौबे को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के भाई ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उसका भाई आजाद चौक के पास चाट-गुपचुप का ठेला लगाया था। प्रांजल, संदीप के पास गुपचुप खाने गया।

### मोबाइल हैक कर 3.16 लाख रुपए की ठगी

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक बीमा सलाहकार ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ मोबाइल हैक कर उसके क्रेडिट कार्ड से 3.16 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामसागर पारा निवासी शोभित खंडेलवाल ने ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को बताया कि सोमवार को उसका मोबाइल हैक हो गया था।

# प्रधानमंत्री आवास की चोरी, पूरा पैसा निकल गया पर हितग्राही अब भी कच्चे घर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

खास खबर

गरियाबंद जिले के छुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भरुवामुडा के आश्रित ग्राम हिराबतर में प्रधानमंत्री आवास योजना में एक ग्रामीण का प्रधानमंत्री आवास चोरी हो गया है। हितग्राही बिसाहू राम गोंड का आवास कागजों में तो बनकर पूरा हो गया, लेकिन असल में उनके घर पर एक ईंट तक नहीं रखी गई। बिसाहू राम आज भी अपने कच्चे मकान में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीण बिसाहू राम गोंड ने बताया कि वर्ष 2017 में उनके नाम पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। जनपद पंचायत छुरा के सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, उन्हें तीन किस्तों में कुल 1.30 लाख रुपये का भुगतान किया गया और आवास का निर्माण भी पूरा हो चुका है। हालांकि, बिसाहू राम के बैंक खाते में फूटी कौड़ी भी नहीं आई है और न ही उनके लिए कोई आवास बनाया गया है। इस मामले में छुरा जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ सतीश चंद्रवंशी पर आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीण का कहना है किउन्हें जून माह में इस धोखाधड़ी की जानकारी मिली थी, लेकिन उन्होंने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। ना ही उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी है। ग्रामीणों ने पूरे मामले के जांच की मांग की गई है।



**शिकायत को तीन माह हो गए पर नहीं हुई कार्रवाई**

**स्थल पर एक भी ईंट नहीं रखी गई, तीन किश्त में निकाली गई राशि**




### साहब मेरे साथ धोखा हुआ है: ग्रामीण

बिसाहू राम गोंड ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा, "साहब, मेरे साथ धोखा हुआ है। मेरा प्रधानमंत्री आवास चोरी हो गया है। जब इस बारे में अधिकारियों से मिला, तो जनपद पंचायत मुझे धमकाया गया। बिसाहू राम ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें छुरा ऑफिस बुलाकर कुछ कागजों पर दस्तखत करवाए गए। और कहा गया कि उनके नाम का आवास किसी और को दिया गया है। जब दूसरे का आवास आएगा तो उन्हें दे दिया जाएगा, लेकिन नहीं मिला है।

विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर, गांव-गांव तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करें

# प्रमुख सचिव ने की नक्सल प्रभावित जिलों में विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ने शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों में विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में बस्तर, सुकमा, दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा, उत्तर बस्तर कांकेर, नारायणपुर, कोंडागांव, बीजापुर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और गरियाबंद जिलों में हितग्राही मूलक कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा की गई।



प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ने नक्सल प्रभावित जिलों में मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, जनधन खाता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आधार कार्ड सहित अन्य हितग्राही मूलक कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की।

### नक्सल प्रभावित जिलों में हुए ये काम

बैठक में बताया गया कि एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों में लगभग 99 प्रतिशत से अधिक लोगों का आधार पंजीकरण पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार लगभग 28 लाख 18 हजार 616 किसानों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत पंजीकरण कर उन्हें योजना का लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 26 लाख 21 हजार 491 हितग्राहियों के बैंक खाते खोले गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 35 लाख 66 हजार 409 हितग्राहियों को गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ग्रामीण इलाकों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं। क्षेत्र में लोगों को अधिक से अधिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न बैंकों और डाकघरों की शाखाएं खोली जा रही हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए राशन कार्ड बनाए गए हैं।

### मनरेगा जॉब कार्ड उपलब्ध कराएं

बैठक में प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि क्षेत्र के सभी पात्र मनरेगा हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु उनका जॉब कार्ड अवश्य प्रदान किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए तथा सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए जाएं।

### महतारी वंदन, बचे हितग्राहियों का सर्वे जल्द करें

उन्होंने निर्देश दिया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत शेष हितग्राहियों का शीघ्र सर्वे कर उन्हें लाभान्वित किया जाए। आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल विकास योजना के तहत क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाए। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की भवन-विहीन शालाओं के भवन शीघ्र निर्मित किए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय एक ही परिसर में हों।

### शामिल हुए ये अधिकारी

वीडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, वित्त विभाग के सचिव मुकेश बंसल, शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, उच्च शिक्षा, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, श्रम विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव डॉ. रवि मित्तल, आयुक्त बस्तर संभाग तथा पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सहित बस्तर, सुकमा, दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा, उत्तर बस्तर कांकेर, नारायणपुर, कोंडागांव, बीजापुर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और गरियाबंद जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक शामिल थे।

### प्रदेश में बढ़ी एमबीबीएस की 200 सीटें

**रायपुर।** दूसरे दौर की काउंसिलिंग के पहले राज्य के तीन निजी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की दो सौ सीटें बढ़ गई हैं। राज्य में अब शासकीय जेएनएम मेडिकल कालेज की तुलना में निजी बालाजी चिकित्सा महाविद्यालय की क्षमता ज्यादा हो गई है। अब दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में पौने चार सौ से अधिक सीट को शामिल किया जाएगा। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शनिवार से शुरू होकर 17 सितंबर तक पूरी होगी। प्रवेश का अन्य शेड्यूल एमसीसी के अनुसार होगा।राज्य में एमबीबीएस-बीडीएस की प्रवेश प्रक्रिया पहले राउंड के बाद से अटकी हुई है। राष्ट्रीय चिकित्सा परामर्श समिति द्वारा इसके लिए विस्तृत शेड्यूल जारी किये जाने का इंतजार है। इस बीच एनएमसी ने राज्य के तीन निजी मेडिकल कालेज में 200 सीट बढ़ाने की अनुमति प्रदान कर दी है। इससे पिछले दिनों एक निजी कालेज में हुए जीरो ईयर का झटका कम हुआ है। 100 सीट बढ़ने के बाद बालाजी मेडिकल कालेज की क्षमता 250 की हो गई है। श्री शंकराचार्य चिकित्सा महाविद्यालय में 50 सीट के इजाफे के बाद कुल संख्या 200 और अभिषेक मिश्रा स्मृति कालेज में 50 सीट की वृद्धि से क्षमता 150 की हो गई है।

24 घंटे उपलब्ध रहेगा हेल्पलाइन नंबर

# महाविद्यालय बताएंगे-क्या किया रैगिंग रोकने?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को अब बताना होगा कि उनके द्वारा रैगिंग रोकने के लिए कौन-कौन से प्रयास किए जा रहे हैं। छात्रों को किस तरह से इससे बचाया जा रहा है और किस तरह के जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। शैक्षणिक संस्थानों को ये सभी जानकारी अपने आधिकारिक वेबसाइट पर विस्तार से देनी होगी। यूजीसी द्वारा इस संदर्भ में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने रैगिंग के खिलाफ एक सलाह जारी की है और बताया है कि रैगिंग क्या-क्या होती है। इसे रोकने के लिए सलाह भी उनके द्वारा दी गई है। आयोग ने सभी हायर एजूकेशन संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे उनके द्वारा दी गई सलाह का सख्ती से पालन करें। यूजीसी ने छात्रों के लिए एक 24x7 राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन नंबर 1800-180-5522 भी जारी किया है।

### रीयल वर्ल्ड में एंट्री का तरीका मानते हैं युवा

यूजीसी ने साफ किया है कि किन हरकतों को रैगिंग माना जाएगा। मानसिक या आत्म-विश्वास को ठेस पहुंचाना, पैसे की उगाही या जबरन खर्च, शारीरिक शोषण, मौखिक या लिखित दुर्व्यवहार सहित दबाव डालकर शैक्षणिक काम करवाना भी रैगिंग श्रेणी में रखा जाएगा। आयोग का कहना है कि रैगिंग हमारे देश की हायर एजुकेशन सिस्टम में एक परेशान करने वाली सच्चाई है। यूजीसी ने अपनी एंटी-रैगिंग पोर्टल पर कहा, इस फैक्ट के बावजूद कि पिछले कुछ सालों में रैगिंग ने सैकड़ों निर्दोष जानें ली हैं और हजारों होनहार छात्रों का करियर बर्बाद कर दिया है।

छावनी पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

# दो सगे भाइयों का एगरोल दुकान से अपहरण, खींचकर कार में बिठाया और ले गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दो सगे भाइयों को उनके एगरोल दुकान से अपहरण करने का मामला सामने आया है। खबर लगने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर चारों ओर नाकाबंदी भी की, लेकिन आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। जिन दो युवकों का अपहरण हुआ है वे साईं नगर केम्प 1 निवासी विष्णु प्रसाद साव और शुभम प्रसाद साव बताए गए हैं। दोनों केम्प 1 के ही सुभाष चौक पर ठेला लगाकर एगरोल बेचने का काम करते हैं। यूपी पासिंग आर्टिका वाहन में गुरुवार देर रात 8 बजे कुछ लोग पहुंचे। आर्टिका से दो युवक उतरे और विष्णु प्रसाद साव का कालर पकड़कर घसीटते हुए कार के भीतर ले गए। जिसे देख शुभम प्रसाद साव आरोपियों से पूछताछ करने लगा। तब तीन से चार युवकों ने उसे भी उठाकर कार में डाल दिया। बताया जा रहा है कि जिस कार में अपहरण किया गया है वह यूपी पासिंग है। नंबर प्लेट पर कीचड़ लगा होने से वाहन का नंबर दिख नहीं रहा है। जब घटना हुई तब पीड़ितों का चचेरा भाई हर्ष खड़ा था। थोड़ी दूर पर उनका मामा भी मौजूद था। जानकारी होते ही मामा ने बाइक में जलेबी चौक तक कार का पीछा किया। लेकिन आर्टिका वाहन अचानक से गायब हो गई।

### सीसी टीवी फुटेज खंगालती रही पुलिस

खबर लगते ही छावनी पुलिस की टीम सुभाष चौक पर लगे 2-3 सीसीटीवी का फुटेज खंगालती रही, लेकिन कार नंबर में कीचड़ लगे होने से नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले भी आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध किस्म के युवकों को घूमते देखा गया था। अपहरण के दौरान भी कुछ युवक स्कूल के पास खड़े दिखाई दिए थे, जिनकी तलाश भी पुलिस कर रही है। अपहरण का वारदात के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। शुभम और विष्णु कामधाम वाले थे।

### जांच की जा रही

अपहरण का मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। सीसीटीवी को भी खंगाला जा रहा है। परिजनों से पूछताछ करने पर कुछ खास जानकारी सामने नहीं आई है। दोनों युवकों का अपहरण होने की जानकारी पर टीम मौके पर पहुंची।

-हेम प्रकाश नायक, सीएसपी,छावनी

### चर्चा है कि जौनपुर पुलिस लेकर गई

इधर इस पूरे घटनाक्रम में यह भी चर्चा है कि जौनपुर यूपी की पुलिस शुभम और विष्णु नामक युवक को गुरुवार रात ले गई है। इस दौरान युवकों ने यूपी पहुंचने पर परिजनों से भी बातचीत कर अपनी दवाई की पर्ची मंगाई है। मामले में ऑनलाइन सट्टे से भी तार जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल छावनी पुलिस जांच में जुटी हुई है। बहरहाल इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है।

*हाईकोर्ट का बड़ा फैसला- निजी, सहायता प्राप्त और आंशिक सहायता प्राप्त संस्थानों पर होगा लागू*

# प्रदेश के 8 हजार से अधिक स्कूलों को ईएसआई एक्ट का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि प्रदेश के निजी, सहायता प्राप्त और आंशिक सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों पर भी कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (ईएसआई एक्ट) लागू होगा। कोर्ट ने उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जिन्हें कुछ स्कूलों ने ईएसआई अंशदान से बचने के लिए दायर किया था। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद स्पष्ट कर दिया कि अब प्रदेश के 8 हजार से अधिक स्कूलों को ईएसआई एक्ट का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सुप्रीम कोर्ट और अलग-अलग हाईकोर्ट पहले ही यह स्पष्ट कर चुके हैं कि ईएसआई एक्ट केवल कारखानों या उद्योगों तक सीमित नहीं है।

यह फैसला उन स्कूलों के लिए बड़ा झटका है जो ईएसआई अंशदान से बचना चाहते थे। राज्य सरकार ने पहले ही 27 अक्टूबर 2005 को अधिसूचना जारी कर शिक्षा संस्थानों को भी ईएसआई के दायरे में लाने का निर्णय लिया था। इसके अनुसार 20 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले स्कूलों को 1 अप्रैल 2006 से ईएसआई के तहत अंशदान देना अनिवार्य किया गया था। लेकिन कई स्कूलों ने इसे कोर्ट में चुनौती दी थी। अब कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि कानून सभी शिक्षण संस्थानों पर लागू होगा।सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अदालत में दलील दी कि यह कानून श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। इसे किसी उद्योग तक सीमित नहीं किया जा सकता। यदि स्कूलों को इससे बाहर रखा गया तो हजारों कर्मचारी अपने कानूनी अधिकारों और लाभों से वंचित रह जाएंगे। कोर्ट ने सरकार की इस दलील को स्वीकार करते हुए याचिकाओं को खारिज कर दिया।



### शिक्षा सेवा है, व्यवसाय नहीं का तर्क

दरअसल, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव सहित प्रदेशभर के कई नामी प्राइवेट स्कूलों ने राज्य सरकार की 27 अक्टूबर 2005 की अधिसूचना को चुनौती दी थी। इस अधिसूचना के जरिए स्कूलों को ईएसआई एक्ट के तहत लाते हुए उनके कर्मचारियों के लिए बीमा अंशदान अनिवार्य किया गया था। स्कूल प्रबंधन का तर्क था कि शिक्षा सेवा है, व्यवसाय नहीं। इसलिए उन पर यह कानून लागू नहीं होना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि उनकी गतिविधियां न तो औद्योगिक हैं और न ही वाणिज्यिक, इसलिए ईएसआई की परिभाषा में नहीं आती हैं। राज्य सरकार और कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने इन दलीलों का कड़ा विरोध किया। उनका कहना था कि ईएसआई एक्ट एक सामाजिक सुरक्षा कानून है, जो हर उस संस्था पर लागू हो सकता है।

### कर्मचारियों के हितों की रक्षा जरूरी है

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि 'स्थापना' शब्द का अर्थ व्यापक है, जिसमें शैक्षणिक संस्थान भी शामिल हैं। शिक्षा समाज सेवा अवश्य है, लेकिन स्कूलों में नियमित रूप से कर्मचारी कार्यरत रहते हैं, इसलिए उनके हितों की रक्षा जरूरी है। कोर्ट ने यह भी माना कि राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी करने से पहले सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की थीं।ज्ञात हो कि सत्र 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में कुल 56,802 स्कूल हैं, जिनमें से 7,382 निजी, 413 अनुदान प्राप्त और 180 अन्य स्कूल शामिल हैं। इस फैसले से करीब 7,975 स्कूल ईएसआई के तहत आएंगे। इससे प्रदेश में कार्यरत 96,500 से अधिक शिक्षण कर्मचारी और 50,000 से ज्यादा गैर-शिक्षण कर्मचारी बीमारी, मातृत्व, दुर्घटना जैसी स्थिति में कानूनी सुरक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

# निजी स्कूल के शिक्षक भी कर्मचारी माने जाएंगे, संस्थानों को ग्रेज्यूटी का भुगतान समय पर करना होगा

हाईकोर्ट ने एक बड़े फैसले में कहा है कि निजी स्कूल के शिक्षक भी कर्मचारी माने जाएंगे और संस्थानों को उनकी ग्रेज्यूटी का भुगतान समय पर करना होगा। इस आदेश के साथ ही कोर्ट ने सकरी क्षेत्र के एक स्कूल में कार्यरत तीन शिक्षकों को 45 दिन के भीतर ग्रेज्यूटी की राशि 7 लाख 37 हजार का भुगतान करने कहा है।

- **शहर के निजी स्कूल को उनके तीन शिक्षकों को करना होगा 7 लाख 37 हजार का भुगतान**

शहर के इंग्लिश मीडियम स्कूल में भिलाई निवासी वर्षा जार्ज (49 साल), व्यापार विहार बिलासपुर निवासी आशीष चटर्जी (47 साल) और व्यापार विहार बिलासपुर निवासी स्नेहलता चंद्रा (47 साल) ने 12 से 15 सालों तक बतौर शिक्षक सेवा दी। इनके रिटायर होने के बाद इन्हें लेकिन ग्रेज्यूटी का भुगतान स्कूल द्वारा नहीं किया गया। इसके खिलाफ तीनों शिक्षकों ने एडवोकेट टेसी अब्राहम के माध्यम से लेबर कोर्ट में अपील की। 6 जुलाई 2022 को लेबर कोर्ट ने तीनों शिक्षकों के पक्ष में फैसला देते हुए ग्रेज्यूटी का भुगतान करने का आदेश जारी किया। इसके बाद भी लेकिन स्कूल ने आदेश का पालन नहीं किया।

### शिक्षक भी कर्मचारी की श्रेणी में माने गए

इस बीच जनवरी 2025 तक लगातार शिक्षकों द्वारा स्कूल प्रबंधन के समक्ष आवेदन दिया गया। कोई सुनवाई नहीं होने पर जनवरी 2025 में ही हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई। इसमें कहा गया कि ग्रेज्यूटी एक्ट की धारा 7 में प्रावधान है कि नियमित पांच सालों तक नौकरी करने पर शिक्षक या कोई भी कर्मचारी ग्रेज्यूटी का हकदार होगा। स्कूल प्रबंधन लेकिन इसका पालन नहीं कर रहे हैं। जवाब में स्कूल प्रबंधन की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि शिक्षक कर्मचारी की श्रेणी में आते ही नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि इस नियम में केन्द्र सरकार ने बदलाव कर दिया है और अब शिक्षकों को भी कर्मचारी की श्रेणी में माना गया है।

### 30 दिन के भीतर ग्रेज्यूटी दिए जाने का नियम

याचिकाकर्ताओं की ओर से सुनवाई के दौरान उनको मिलने वाली अंतिम सैलरी स्लिम, बैंक स्टेटमेंट, नियुक्ति पत्र भी कोर्ट में जमा किए गए। याचिका में कहा गया कि नौकरी छोड़ने या रिटायर होने के 30 दिन के भीतर ग्रेज्यूटी दिए जाने का नियम है लेकिन तीन साल भी शिक्षकों को भटकना पड़ रहा है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने स्कूल प्रबंधन को आदेश दिया है कि वह 45 दिन दिन के भीतक भिलाई निवासी वर्षा जार्ज को तीन लाख 10 हजार 590 रुपए, आशीष चटर्जी को दो लाख 13 हजार और स्नेहलता चंद्रा को 2 लाख 13 हजार रुपए का भुगतान करे।

# सांसद भोजराज नाग को हाईकोर्ट से राहत नहीं याचिका पर जारी रहेगी सुनवाई

कांकेर लोकसभा चुनाव में अनियमितता के मामले में कांग्रेस उम्मीदवार ने चुनावी नतीजों को रद्द करने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसके बाद सांसद भोजराज नाग ने इसे निरस्त करने की मांग की थी लेकिन सांसद की याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने सांसद भोजराज नाग को अंतरिम राहत देने से इंकार करते हुए कहा कि इस मामले में सुनवाई के लिए पर्याप्त सबूत है। सांसद भोजराम की आपत्ति में दम नहीं, इसलिए याचिका खारिज नहीं की जा सकती। अब इस मामले की सुनवाई 3 नवंबर को होगी।

- **कांग्रेस उम्मीदवार ने चुनावी नतीजों को रद्द करने हाईकोर्ट में याचिका लगाई**

ज्ञात हो कि कांग्रेस उम्मीदवार बीरेश सिंह ठाकुर ने लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए चुनाव परिणाम को चुनौती दी थी। याचिका में लोकसभा चुनाव परिणाम रद्द करने और 15 मतदान केंद्रों पर फिर से वोटिंग की मांग की गई है। याचिका में आरोप है कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में गड़बड़ी और छेड़छाड़, वोटिंग डेटा के प्रसारण में देरी और वोटों की गिनती में गंभीर अनियमितताएं है। याचिकाकर्ता ने गुंडरदेही, डोंडीलोहारा और कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों के बूथों पर वोटों के अंतर और डेटा ट्रांसमिशन में हेरफेर की आशंका भी जताई है। कांग्रेस उम्मीदवार बीरेश सिंह ठाकुर की याचिका पर निर्वाचित सांसद भोजराज नाग ने दलील दी है कि याचिका में भ्रष्ट आचरण का कोई ठोस आरोप नहीं है, इसलिए यह रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल एक्ट, 1951 की धारा 81, 82 और 83 का उल्लंघन है और इसे खारिज किया जाना चाहिए। साथ ही चुनाव आयोग को पक्षकार नहीं बनाया गया, इसलिए याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। याचिका वकील के जरिए दाखिल की गई, जबकि कानून के मुताबिक उम्मीदवार को खुद याचिका दाखिल करनी चाहिए।

### याचिका में सभी आवश्यक तथ्य और साक्ष्य मौजूद

जस्टिस एनके व्यास ने कहा कि याचिका में सभी आवश्यक तथ्य और साक्ष्य मौजूद हैं। याचिकाकर्ता ने स्पष्ट रूप से ईवीएम में गड़बड़ी, डेटा ट्रांसमिशन में देरी और मतदान प्रक्रिया में अनियमितताओं का जिक्र किया है, जो विस्तृत सुनवाई योग्य हैं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग को पक्षकार बनाने की कोई कानूनी आवश्यकता नहीं है और याचिका धारा 81, 82, 83 के अनुरूप है। याचिका बीरेश ठाकुर ने विधिवत रूप से दाखिल की है, सभी पन्नों पर उनके हस्ताक्षर मौजूद हैं। सांसद भोजराम की आपत्ति में दम नहीं, इसलिए याचिका खारिज नहीं की जा सकती।



## सड़क के लिए भू अर्जन में आएगी तेजी, साव ने लोनिवि के कार्यों की समीक्षा

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त सड़क निर्माण के कार्यों के लिए जरूरी भू-अर्जन की कार्यवाहियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में जिला कलेक्टर के साथ मिलकर त्वरित कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ ही उन्हें निर्धारित समय पर पूरा करने पर जोर दिया। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क, सेतु और भवन निर्माण की सभी परियोजनाओं के कार्यों को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाते हुए समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फील्ड में सक्रियता व गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त सभी कार्यों में तेजी से भू-अर्जन कर निविदा की कार्यवाही पूर्ण करने और यथाशीघ्र कार्यारंभ करने को कहा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में मौजूद सेतु बंध तथा सभी परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए प्रस्तावित कार्यों के लिए जरूरी मंजूरी तत्परता से प्रदान करें। उन्होंने डीपीआर बनाते समय ही परियोजना का अच्छे से मूल्यांकन करने को कहा ताकि बजट और कार्य पूर्णता के लिए निर्धारित समय के पुनरीक्षण की जरूरत न पड़े। उन्होंने बरसात के तुरंत बाद प्रदेशभर में सड़कों की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिसम्बर तक सभी जिलों में मरम्मत का काम पूर्ण करने को कहा।श्री साव ने सभी मुख्य अभियंताओं को अगली समीक्षा बैठक के पहले भू-अर्जन, प्राक्कलन, निविदा, कार्य अनुबंध और कार्यादेश से संबंधित सभी कार्यवाहियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सड़कों पर पेच रिपेयर के लिए कार्ययोजना के अनुसार अनुबंध एवं कार्यादेश की स्थिति, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा एडीबी के अपूर्ण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

## एग्रीस्टैक के साथ एकीकृत पोर्टल पर होगा किसानों का पंजीयन

**रायपुर।** खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की नीति निर्धारण से संबंधित निर्णय लेने के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई। बैठक में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी तथा राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित थे। बैठक में कहा गया है कि खरीफ वर्ष 2025-26 में किसानों का पंजीकरण एग्रीस्टैक पोर्टल के साथ-साथ एकीकृत किसान पोर्टल में किया जाएगा। किसान पंजीकरण का कार्य निर्धारित समयसीमा में करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों से भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किए जाने के लिए समुचित एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि किसानों को उनके द्वारा समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान का भुगतान समय पर प्राप्त हो, इसके लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएँ। धान उपार्जन के लिए आवश्यक नये एवं पुराने जूट बारदाने की व्यवस्था समयानुसार सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई। धान की रिसाइक्लिंग रोकने हेतु प्रभावी प्रबंध करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान की रोकथाम के लिए विशेष जांच दल गठित करने के निर्देश दिए गए।

# अब प्रदेश भाजपा में संभाग, जिलों के प्रभारियों के भी बदलेंगे चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ आने वाले समय में प्रदेश संगठन की बैठक में होगा फैसला

प्रदेश भाजपा की नई कार्यकारिणी के ऐलान के साथ सात मोर्चा के अध्यक्ष भी नियुक्ति हो गए हैं। अब आने वाले समय में प्रदेश भाजपा संगठन की बैठक में संभाग और जिलों के प्रभारियों के साथ ही प्रकोष्ठों के संयोजक और सहसंयोजकों पर फैसला होगा। ज्यादातर पदों पर नए चेहरे ही नजर आएंगे। पांच संभागों में से तीन संभागों के प्रभारियों को वैसे भी दूसरे पद मिल गए हैं। इसी के साथ प्रदेश कार्यकारिणी नई बनने के बाद सभी जिलों के प्रभारी भी नए बनेंगे। जिलाध्यक्ष पहले ही नए बन चुके हैं। भाजपा के



प्रदेश संगठन में सात अहम मोर्चा हैं। इनके अध्यक्षों का ऐलान हमेशा ही प्रदेश कार्यकारिणी के साथ होता है। ऐसे में जब 13 अगस्त को किरण देव की नई टीम का ऐलान किया गया तो सात मोर्चा के अध्यक्ष भी बनाए गए। इन सब में नए चेहरों को मौका दिया गया है। वैसे भी सभी मोर्चा के अध्यक्षों का कार्यकाल पूरा होने के बाद इनका बदला जाना तय था।

## सभी प्रकोष्ठ के बदलेंगे संयोजक और सहसंयोजक

भाजपा के प्रदेश संगठन में करीब डेढ़ दर्जन प्रकोष्ठ हैं। अब इसके भी संयोजक और सहसंयोजक बदले जाएंगे। इनके संयोजक और सह संयोजकों का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। इनमें नियुक्ति के लिए प्रदेश संगठन की बैठक में चर्चा के बाद इनके संयोजकों और सहसंयोजकों के नामों का ऐलान होगा।

## कई प्रभारियों को मिल गए हैं दूसरे पद

प्रदेश के पांच संभागों के इस समय जो प्रभारी हैं, उसमें दुर्ग के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी को क्रेडा का अध्यक्ष बना दिया गया है। इस तरह से बिलासपुर संभाग के प्रभारी अनुराग सिंहदेव छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष बन गए हैं। सरगुजा संभाग के प्रभारी राजा पांडेय को छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। अभी रायपुर संभाग के प्रभारी सौरभ सिंह और बस्तर संभाग के प्रभारी रजनीश सिंह को कोई पद नहीं मिला है। अब प्रदेश संगठन तय करेगा कि सभी संभागों के प्रभारी बदले जाएंगे या फिर दो संभाग के प्रभारियों के संभाग बदलकर उनको वापस जिम्मा दिया जाएगा। इसी तरह से जिलों के प्रभारियों में भी फेरबदल के साथ नए चेहरों को भी मौका दिए जाने की संभावना है। कई जिलों के प्रभारियों को भी दूसरे पद मिल गए हैं। ऐसे में इनका बदला जाना तय है।

**SALE** SYNISE e-Sale & Sourcing
**OF PARTIALLY BURNT**
TATA HITACHI HYDRAULIC EXCAVATOR MODEL ZX470GI WITH 3.0 CU MTR BKT AND KIT, Model 2016 on behalf Mann Engineering; Raigarh
**Online Auction : 23rd Sept 2025**
Contact Person :
Hemchand : 9835909933
hemchandk@synise.com
For details visit : www.synise.com
Synise Technologies Ltd.

**गेल गैस लिमिटेड**
[गेल (इंडिया) लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी]

**फुल डीलर स्वामित्व–डीलर संचालित (Full DODO) मॉडल पर सीएनजी स्टेशन स्थापित करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने का नोटिस**

गेल गैस लिमिटेड, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा अधिकृत विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में सिटी गैस वितरण नेटवर्क को विकसित करने में कार्यरत है । परिवहन क्षेत्र के लिए पर्यावरण अनुकूल तथा किफायती कंप्रेस्ड प्राकृतिक गैस (सीएनजी) ईंधन को बढ़ावा देने के लिए, गेल गैस लिमिटेड अपने अधिकृत विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में सीएनजी स्टेशन स्थापित करना चाहती है। फुल डीलर स्वामित्व तथा डीलर संचालित (Full DODO) मॉडल के आधार पर सीएनजी स्टेशन स्थापित करने के लिए व्यक्तिगत आवेदकों, प्रोपराइटरशिप, पार्टनरशिप और गैर–व्यक्तिगत आवेदकों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। आवेदक के पास या तो स्वयं की जमीन हो अथवा अन्य किसी भूमि मालिक से 15 साल या उससे अधिक समय के लिए पट्टे पर ली गई जमीन हो। भौगोलिक क्षेत्रों, सूचना विवरणिका तथा आवेदन पत्र के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **https://www.gailgas.com** के **EOI** अनुभाग का अवलोकन करें।

आवश्यक दस्तावेजों तथा शपथ–पत्रों (सूचना विवरणिका में दिए गए विवरण के अनुसार) के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, दी गई समय–सीमा के भीतर केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें, जिसके लिए **"EOI for setting up CNG Station on Full DODO Model"** पर आवेदन करने के लिए लिंक उपलब्ध है।

**निगमित कार्यालय:** तीसरी मंजिल, इन्फोहब, जुबली टॉवर, बी–35 और 36, सेक्टर–1, नोएडा – 201301

**पंजीकृत कार्यालय:** 16, भीकाजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली–110066

गेल गैस लिमिटेड बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

कारपोरेट आईडेंटिफिकेशन नं0: U40200DL2008GOI178614

**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान**

**खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर विज्ञान में राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026**

**इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (IASTP) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षा (NSEs) (विज्ञान विषयों के लिए) में शामिल होना होगा।**

**NSE में योग्यता प्राप्त करना 2026 के संबंधित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।**

**नामांकन के लिए :**

NSE : https://www.iapt.org.in

(21 अगस्त – 14 सितंबर, 2025)

**अधिक जानकारी के लिए :**

https://olympiads.hbcse.tifr.res.in

https://www.iapt.org.in

**CBC 48143/12/0008/2526**

**TRN ENERGY PRIVATE LIMITED**
**Regd. Office: 18 Vasant Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi – 110057,**
**Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambiance Mall NH -8, Gurugram – 122002 (Haryana), PH: 0124 – 2719000, Fax: 0124 – 2719185**
**Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com**

**INVITATION OF BIDS**

**Ref:** TRNEPL/2x300MW/AHP/2026-29/01-R4, 2X300 MW TRN, Date: 11.09.2025

TRN ENERGY PRIVATE LIMITED is having 2x300 MW coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO : Nawapara (Tenda), Tehsil : Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The Plant site is well connected with Road Network, Nawapara (Tenda), is on Chhal – Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42 KM away from Raigarh and 32 KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy private limited. Invites bids from reputed and experienced vendors for Annual O &M Services for AHP 2x300 MW TPP, detail of which are furnishedhttps://eprocurement.mjunction.in/epspropartner/openearea/tender-listpage auction and refer tenderid:1040 for qualifying criteria and for further details on or before 30.09.2025 @ 14:00 hrs.

**Contact details:**
**Name: Sunil Kumar**
**Contact No: 9868392867**
**Email ID: sunil.kumar@acbindia.com**

**TRN ENERGY PRIVATE LIMITED**
**Regd. Office: 18 Vasant Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi – 110057,**
**Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambiance Mall NH -8, Gurugram – 122002 (Haryana), PH: 0124 – 2719000, Fax: 0124 – 2719185**
**Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com**

**Invitation of Bids**

Date- 14/06/2025

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:-Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors for the below mentioned works:

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 1 | Hiring of Back – Hoe- Loader (JCB) at 2x300 MW TRN Energy TPP Raigarh, Chhattisgarh | 1038 | 23.06.2025 @ 02:00PM |

Detailed of the scope of work, Terms and conditions are furnished in the NIT document.Please visit web site https://eprocurement. mjunction.in/epsprop artner/openarea /tender-listand refer respective tender Ids for qualifying criteria and other details.The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

**Contact details:**
**Name: Sunil Kumar**
**Contact No: 9868392867**
**Email ID: sunil.kumar@acbindia.com**

**TRN ENERGY PRIVATE LIMITED**
**Regd. Office: 18 Vasant Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi – 110057,**
**Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambiance Mall NH -8, Gurugram – 122002 (Haryana), PH: 0124 – 2719000, Fax: 0124 – 2719185**
**Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com**

**INVITATION OF BIDS**

**Ref:** TRNEPL/SUPPLY/APH BASKET/2025-26/02, of unit #1 300 MW TRN, Date: 11.09.2025

TRN ENERGY PRIVATE LIMITED is having 2x300 MW coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO : Nawapara (Tenda), Tehsil : Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The Plant site is well connected with Road Network, Nawapara (Tenda), is on Chhal – Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42 KM away from Raigarh and 32 KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

